चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 129, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 07 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### नौकर, चालक व सुरक्षाकर्मियों से दिल्ली एसआईटी ने की पूछताछ

## बृजभूषण सिंह पर कस रहा शिकंजा

**गोंडा: दिल्ली** पुलिस की एसआईटी ने रविवार देर रात कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पैतृक आवास पहुंचकर 15 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए। दिल्ली पुलिस सोमवार सुबह वापस चली गई। एसआईटी के उनके घर पहुंचने की खबर की भनक किसी को नहीं लगी। यह खबर आज सामने आई है। एसआईटी अब तक 137 लोगों के बयान ले चुकी है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण सिंह के घर दिल्ली पुलिस की एसआईटी ने पहुंचकर उनके घर पर काम करने वाले नौकर, चालक, करीबियों, सुरक्षाकर्मियों सहित 15 से अधिक लोगों से पूछताछ की। इन सभी के पहचान पत्र, मोबाइल फोन की जांच करने के बाद कुछ लोगों के मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गई है। अब तक पहलवानों की ओर से लगाए गए यौन शोषण के आरोपों को लेकर दिल्ली पुलिस 137 लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है।

दिल्ली से बृजभूषण के गोंडा स्थित घर पहुंची एसआईटी ने उनके नौकर, करीबियों और परिवार के लोगों से उनके रहन-सहन के बारे में, आने-जाने का समय और दैनिक दिनचर्या पर गहनता से बात की। नौकरों के नाम और पते भी पूछे। बृजभूषण सिंह के यहां कितने दिनों से काम कर रहे हैं, बृजभूषण को कब से जानते हैं, क्या बृजभूषण सिंह कभी-कभी किसी आमंत्रण को लेकर बिना सुरक्षाकर्मी या फिर आप लोगों को साथ लिए बगैर कहीं जाते हैं? ऐसे ही घर पर काम करने वाले नौकर और चालक, सुरक्षाकर्मियों से भी सवाल किया गया। बृजभूषण सिंह के जिम जाने के समय और वहां से वापस आने के बाद की गतिविधि के बारे में भी एसआईटी ने जानकारी हासिल की।



### समझौते पर हम कुछ नहीं कर सकते: किसान नेता

समझौते पर हम कुछ नहीं कर सकते: किसान नेता सूत्रों के मुताबिक, बीकेयू के नरेश टिकैत ने रेसलर्स के नौकरी पर लौटने पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा, 'गृहमंत्री अमित शाह और पहलवानों के बीच क्या समझौता हुआ, मैं नहीं जानता, अगर उन्होंने खुद समझौते का फैसला ले लिया है तो इसमें हम कुछ नहीं कर सकते।' बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा, 'प्रस्तावित विरोध को रद्द कर दिया गया है। सरकार ने प्रदर्शनकारी पहलवानों से बातचीत शुरू कर दी है। अब पहलवानों और सरकार के बीच बातचीत के नतीजे के आधार पर आगे के विरोध के बारे में फैसला लिया जाएगा।' बीकेयू नेता गौरव टिकैत ने कहा, 'अब पहलवान जो कॉल लेंगे, जिस तरह की बात पहलवान कहेंगे, उसका समर्थन किया जाएगा। जब उत्तर प्रदेश में सोरम पंचायत हुई थी, तब ही सरकारों के मैसेज आने शुरू हो गए थे कि इस मामले में बातचीत करनी है। उस दौरान यूनियन ने कहा था कि पहलवानों से बात की जानी चाहिए। मगर इसके बाद पहलवान अमित शाह से कब मिल कर आए, इसका नहीं पता लगा।' वहीं अब विनेश फोगाट के गांव बलाली में सर्वखाप सर्वजातीय महापंचायत बुला ली गई है। यह महापंचायत 7 जून को होगी। इसकी अगुआई सांगवान खाप-40 करेगी। इसमें विनेश फोगाट और संगीता फोगाट भी आएंगीं।

### पहलवानों के नौकरी जॉइन करने से खाप-किसान नाराज

**पानीपत: भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चल रहे आंदोलन के बीच रेसलर्स विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक के रेलवे में नौकरी जॉइन करने से किसान और खाप नेता नाराज हो गए हैं। ये लोग कुरुक्षेत्र में महापंचायत करने वाले थे। अब इन्होंने 9 जून को जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन को टाल दिया है। इन किसान नेताओं ने कुरुक्षेत्र की महापंचायत में अल्टीमेटम दिया था कि 9 जून तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे जंतर-मंतर पर पहलवानों का फिर से प्रदर्शन शुरू कराकर आएंगे। पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने रेसलर्स को जंतर-मंतर से हटा दिया था। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के एक दिन बाद सोमवार को रेलवे में नौकरी जॉइन कर ली थी। पढ़ें पूरी खबर ड्यूटी जॉइन करने के बाद साक्षी मलिक ने रेलवे में स्पोर्ट्स से जुड़ी एक्टिविटीज में हिस्सा लेना शुरू कर दिया है।

## सीएम योगी ने सुनी 500 फरियादियों की समस्या

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों फरियादियों की समस्याओं को सुना। समस्याओं कर निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर फरियादी को त्वरित न्याय मिलना चाहिए। लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाय। मंगलवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार में आए हुआ लगभग 500 शिकायतकताओं की फरियाद सुनी। इस दौरान वे एक-एक फरियादी के पास पहुंचे और उनकी समस्याओं को गंभीराता से सुनी। समस्याओं में राजस्व के मामलों के आलावा पुलिस और चिकित्सा सम्बन्धी मामले भी शामिल रहे। मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सकीय आर्थिक सहयोग मांगने वालों की संख्या भी काफी रही।



### आजमगढ़ में जल्द लगेगा उद्योग धंधा: निरहुआ

**आजमगढ़: आजमगढ़** के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि आजमगढ़ में जल्द ही उद्योग-धंधे लगेंगे जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि तमसा नदी को स्वच्छ रखने के लिए नमामि गंगे योजना से जोड़ने के लिए पत्र लिखा गया है। एक सवाल के जवाब में सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि केवल आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि संपूर्ण आजमगढ़ जनपद जिसमें लालगंज भी आता है।

## केंद्रीय पूल से बिजली आपूर्ति बढ़ाने की मांग: सीएम मान



**चंडीगढ़:** आगामी धान के सीजन के दौरान बिजली की मांग बढ़ने के मद्देनजर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से अपील की कि भारी मांग को पूरा करने के लिए राज्य को केंद्रीय पूल में से अतिरिक्त बिजली मुहैया की जाए। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में भगवंत मान ने आगामी धान के सीजन के मद्देनज? बिजली की भारी जरूरत होने का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के किसानों को निर्विघ्न बिजली की आपूर्ति मुहैया करने के लिए पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) लगातार पुष्प पोर्टल पर बिजली की उपलब्धता पर नज? रख रहा है। उन्होंने कहा कि पता लगा है कि फिलहाल इस पोर्टल पर बिजली की उपलब्धता अनिश्चित है और यहां केवल थोड़े समय के लिए या रोजाना के आधार पर ही बिजली उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली वितरण की साझी तबादला श्रेणी के द्वारा बिजली की आपूर्ति की भरोसे योग्यता न होने के कारण राज्य को 15 जून से 15 अक्तूबर तक के समय के लिए रोजाना के 24 घंटे एक हजार मेगावॉट की बिजली आपूर्ति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने हाल ही में पंजाब समेत पूरे उत्तर-पश्चिम भारत में कम बरसात होने की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त बिजली की जरूरत और अधिक बढ़ जाती है।

भगवंत मान ने कहा कि खाद्य सुरक्षा संबंधी राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए धान की फसल के सुचारू और बिना किसी रुकावट के कृषि को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित बनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री आरके सिंह के संज्ञान में लाया कि वह राज्य को केंद्रीय क्षेत्र के बिजली उत्पादन स्टेशनों से अतिरिक्त बिजली का निर्धारण करें।

## मणिपुर: सर्च ऑपरेशन के दौरान फायरिंग, जवान शहीद

### असम राइफल्स के 2 जवानों को भी गोली लगी, एयरलिफ्ट किया गया

**इंफाल:** मणिपुर में सोमवार को हुई हिंसा में घायल एक बीएसएफ जवान रंजीत यादव की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सेना के स्पीयर कोर ने बताया कि 5 जून को सर्च ऑपरेशन के दौरान स्थानीय लोगों और जवानों के बीच गोलीबारी हुई थी, जिसमें बीएसएफ जवान घायल हो गया था। असम राइफल्स के भी दो जवानों को गोली लगी है। इन्हें एयरलिफ्ट कर मंत्रीपुखरी ले जाया गया। राज्य में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से जातीय हिंसा चल रही है। हिंसा में अब तक 98 लोगों की मौत हो चुकी है, 310 घायल हैं। वहीं, 37 हजार से ज्यादा लोग राहत शिविर में भेजे गए हैं। हिंसा से 11 जिले प्रभावित हुए हैं। कई जिलों में कर्फ्यू भी लगाया गया है। इससे पहले सोमवार को भड़की हिंसा में काकचिंग जिले के सेरो गांव में कुछ लोगों ने 100 घरों में आग लगा दी थी। इसमें कांग्रेस विधायक रंजीत सिंह का घर भी शामिल है। अमित शाह के दौरे के बाद सुरक्षाबल राज्य में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। 5 जून को 790 हथियार और 10,648 गोला-बारूद बरामद किए गए। इन हथियारों को 3 मई को भड़के जातीय दंगों के दौरान पुलिस से लूटा गया था।




**इंटरनेट बैन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची याचिका:** हिंसा प्रभावित मणिपुर में इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के खिलाफ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। एडवोकेट चोंगथम विक्टर सिंह और बिजनेसमैन मेयेंगबाम जेम्स ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्यव्यापी इंटरनेट बंद से उनका जीवन और आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई है। यह लोगों के दैनिक जीवन और उनके मौलिक अधिकारों को नुकसान पहुंचा रहा है।

**2 जून से चल रहा है सर्च ऑपरेशन:** अमित शाह 29 मई को चार दिन के दौरे पर मणिपुर पहुंचे थे। दौरे के आखिरी दिन (1 जून) को शाह ने मणिपुर में लोगों से कहा था कि अफवाहों पर ध्यान न दें। हथियार रखने वालों को पुलिस के सामने सरेंडर करना होगा।

### लखनऊ में केंद्रीय व जनपदों में 50 बाढ़ नियंत्रण कक्षों की हो चुकी है स्थापना

## बाढ़ से निपटने को योगी सरकार की तैयारी पूरी

**लखनऊ: बाढ़ से** निपटने को जून में ही योगी सरकार सुकून देने को तत्पर है। बाढ़ से निपटने की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं या अंतिम दौर में हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी ने खुद इसकी समीक्षा कर 15 जून तक सारी तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद मातहतों ने बाढ़ से निपटने की तैयारियों में काफी तेजी लाई। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित 73 जनपदों में स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक भी हो गयी है। लखनऊ में केंद्रीय व जनपदों में 50 बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना की जा चुकी है। 15 जून से बाढ़ की संपूर्ण अवधि (संभावित अक्टूबर) तक यह कक्ष क्रियाशील रहेंगे।



**51 बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना, 2022-23 में 282 परियोजनाएं हुईं पूरी** बाढ़ से निपटने के लिए योगी सरकार ने सारी व्यवस्था पहले ही कर ली है। लखनऊ में केंद्रीय व 50 जनपदों में बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना की गयी है। 15 जून से यह सतत क्रियाशील हो जाएंगे। आमजन की सुरक्षा को शीर्ष पर रखते हुए 2022-23 में इससे जुड़ीं 282 परियोजनाएं और योगी सरकार के कार्यकाल में कुल 982 बाढ़ परियोजनाएं पूरी की गईं। वर्तमान में 265 नई परियोजनाएं, 07 ड्रेजिंग संबंधी परियोजना और पूर्व से संचालित 140 परियोजनाओं सहित कुल 412 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

## राजस्थान: पेयजल परियोजनाओं पर राज्य सरकार 60 और केन्द्र करेगा 40 फीसदी राशि खर्च

**जयपुर: जल** जीवन मिशन के तहत हाल ही में स्वीकृत 22 हजार 854 करोड़ रुपये की पांच वृहद् पेयजल परियोजनाओं में राज्य सरकार द्वारा खर्च की जाने वाली राशि करीब 60 प्रतिशत होगी। शेष 40 फीसदी पैसा केन्द्र सरकार द्वारा खर्च किया जाएगा। कुल स्वीकृत राशि 22 हजार 854 करोड़ में से 14 हजार 778 करोड़ राज्य सरकार द्वारा खर्च किए जाएंगे जबकि 8 हजार 76 करोड़ केन्द्र खर्च करेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जल जीवन मिशन के कनेक्शन में सामुदायिक सहयोग की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन करने की घोषणा की थी। राज्य सरकार की इस घोषणा से ग्रामीण परिवारों को जल कनेक्शन के लिए कम्यूनिटी कॉन्ट्रीब्यूशन नहीं देना पडेगा।

**7934 करोड़ की सीकर-झुंझुनूं परियोजना में राज्यांश होगा 5610 करोड़:** अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में मेजर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना आधारित सीकर-झुंझुनूं परियोजना के लिए स्वीकृत कुल राशि 7 हजार 934 करोड़ रुपए में से राज्य सरकार की ।

## 'भारत में लोकतंत्र जीवित है'

**वाशिंगटन:** अमेरिका ने भारत को जीवंत लोकतंत्र बताकर भारत में लोकतंत्र से जुड़ी चिंताओं को खारिज कर दिया है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के स्ट्रैटेजिक कम्युनिकेशन के समन्वयक जॉन किर्बी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यहां तक कह दिया कि भारत के लोकतंत्र को कोई दिल्ली जाकर खुद देख सकता है। जॉन किर्बी ने कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और अमेरिका उम्मीद करता है कि लोकतांत्रिक संस्थानों की मजबूती को लेकर चर्चा आगे भी होती रहेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने दोस्तों के साथ अपनी चिंताओं को जाहिर करते हुए शमार्ता नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए बेहद अहम है। किर्बी ने कहा कि भारत कई स्तरों पर अमेरिका का मजबूत सहयोगी है। शंगरी-ला सम्मेलन में भी अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने ऐलान किया था कि भारत के साथ रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ रहा है, साथ ही भारत हिंद-प्रशांत महासागर की सुरक्षा के लिए गठित क्वाड का अहम सहयोगी है। ऐसी कई वजहें हैं जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि भारत न सिर्फ द्विपक्षीय संबंधों, बल्कि बहुपक्षीय संबंधों के लिहाज से भी अमेरिका के लिए अहम सहयोगी है।




### 'बम और हथियार सस्ते हो गए इसलिए गर्मी में विस्फोट हो रहे हैं'

**बैरकपुर: कुछ** दिन पहले ही तृणमूल सांसद सौगत राय ने एगरा में हुए बम धमाकों के लिए गर्मी को जिम्मेदार ठहराया था। अब सांसद अर्जुन सिंह ने भी इसी तरह के दावे किए हैं। मंगलवार को उन्होंने कहा कि बम और हथियार सस्ते हो गए इसलिए अत्यधिक गर्मी में बम विस्फोट हो रहे हैं। पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा थाना अंतर्गत खादीकुल कांड के बाद राज्य के अलग-अलग हिस्सों से बम धमाकों की खबरें सामने आई हैं। इन घटनाओं में मौतें भी हुई हैं। सोमवार को बनगांव के बक्सीपल्ली के वार्ड नंबर 22।

## एक हजार एकड़ में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 05 एफ विजन (फार्म-फाइबर-फैक्ट्री-फैशन-फॉरेन) को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार इसी आधार पर राजधानी लखनऊ में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क का निर्माण करेगी। इससे 10 हजार करोड़ का निवेश आने की उम्मीद और एक लाख युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके लिए योगी सरकार ने राजधानी के मलिहाबाद तहसील के माल ब्लॉक स्थित अटारी गांव में भूमि को भी चिन्हित कर लिया है। मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क एक हजार एकड़ में बनाया जाएगा। इससे एक लाख युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। योगी सरकार को इस पार्क में दस हजार करोड़ से अधिक निवेश की उम्मीद है। इस पार्क को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।



**कनेक्टिविटी को ध्यान में रखकर अटारी में बनेगा पार्क:** योगी सरकार टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के जरिये एक ही छत के नीचे व्यापारियों को कपड़ा उद्योग से संबंधित सभी जरूरतों को उपलब्ध कराएगी। ताकि उद्योग की लागत कम हो सके। वहीं निमार्ताओं को निर्यात के लिए मानकों के अनुसार बुनियादी ढांचा स्थापित किया जाएगा। टेक्सटाइल और अपैरल पार्क की कनेक्टिविटी को ध्यान में रखकर राजधानी के अटारी गांव को चुना गया है। यहां से 20 किमी की दूरी पर एनएच-20 और एसएच-20 है, जो फोर लेन है और क्रमशः लखनऊ को सीतापुर और हरदोई से जोड़ता है। वहीं 20 किमी की दूरी पर 06 लेन ऑउटर रिंग रोड है। इसके साथ ही रेलवे कनेक्टिविटी भी बेहतर है। यहां से मलिहाबाद रेलवे स्टेशन 16 किमी तो लखनऊ रेलवे स्टेशन 40 किमी की दूरी पर है। पार्क से 45 किमी की दूरी पर लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट तो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर 95 किमी की दूरी पर कानुपर नोड और 500 किमी पर दादरी टर्मिनल है। इतना ही नहीं इनलैंड कंटेनर डिपो 111 किमी की दूरी पर कानुपर में है।

## शाह की कड़ी चेतावनी का नतीजा, मणिपुर में बरामद हुए 144 हथियार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जादुई शक्ति वाले व्यक्ति हैं। उनके पास चीजों को पलटने और हर समस्या का समाधान निकालने की अलौकिक क्षमता है। मणिपुर में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सबसे भरोसेमंद साथी को युद्धरत समुदायों के साथ मध्यस्थता करने और हिंसा प्रभावित राज्य में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी दी।

शाह ने संकटग्रस्त राज्य के दौरे में उन्होंने युद्धरत समूहों, नागरिक समाज, प्रशासन और सभी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों के साथ विचार-विमर्श किया।



मामले को नियंत्रण में लाने के लिए शाह ने हथियार रखने वाले उग्रवादियों को चेतावनी दी, जिसमें उन्हें बिना देरी के पुलिस के सामने हथियार सरेंडर करने या कड़ी कार्रवाई का सामना करने के लिए कहा गया।अपने दौरे में शाह ने कहा की हथियार रखने वालों को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करना चाहिए। तलाशी अभियान शुरू होगा और अगर किसी के पास हथियार पाए जाते हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शाह की चेतावनी के कुछ ही घंटों के भीतर करीब 150 हथियार सरेंडर कर दिए गए।पूरे प्रकरण में शाह की नेतृत्व क्षमता और उनके प्रशासनिक कौशल की छाप साफ तौर पर दिखाई पड़ती है। शायद ही कोई ऐसा नेता या व्यक्ति हो जो उनकी तरह अतीत में ऐसी किसी समस्या का हल निकाला हो। वे कठिन-से-कठिन समस्याओं का सरल समाधान खोज लेते हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत भारतगंज से हज के लिए रवाना हुआ जत्था

**मेजा रोड।** नगर पंचायत भारतगंज से एक जत्था हज के लिए रवाना हुआ। अब्दुल रहमान सिद्दीकी साहब और उनकी पत्नी और उनकी बहन नगर पंचायत भारतगंज के काफी लोग गुलाब का माला पहनाकर स्वागत किया और मुल्क में अमन सुकून कायम रहने के लिए दुआ की। हाजी के साथ में नगर पंचायत भारतगंज अध्यक्ष के प्रतिनिध आमिर शकील टंकी, चांद मोहम्मद चंदू, तौफीक राईन, जिला सचिव समाजवादी पार्टी चमन राईन, सभासद प्रतिनिधि जावेद, तौफीक कुरैशी, अधिवक्ता अब्दुल हक अंसारी आदि मौजूद रहकर विदा किया।

### बालिका से छेड़ छाड़ बदसलूकी में चार गिरफ्तार

**कोरांव।** चार मुलजिमों को एक बालिका के साथ बदसलूकी करने धमकाने के आरोप में थाना प्रभारी कोराव धीरेंद्र सिंह के निर्देशन में बड़ोखर पुलिस चौकी के स्टाफ सहित थाना पुलिस कोरांव ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बड़ोखर निवासी असीस उर्फ गोलू,सोनू प्रवेश,और रामसुंदर उर्फ निरहू को मुकद्दमा अपराध संख्या 218/2023 धारा 354, 323, 506,आईपीसी तथा धारा 7/8 पास्को एक्ट थाना कोरांव में निरुद्ध कर जेल भेज दिया गया।

# गांव के विकास में रोड़ा बने प्रतिस्पर्धा की भावना को समाप्त करना उद्देश्य : पूर्व कमिश्नर

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी,पूर्व कमिश्नर डॉक्टर अजय शंकर पांडेय ने मंगलवार को मेजा ब्लॉक सभागार में सद्भावना ग्राम योजना की निर्वाचित प्रधान व उपविजेता प्रधान प्रत्याशी की प्रथम कार्यशाला में कहा कि सद्भावना ग्राम योजना का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा की भावना खत्म कर परस्पर सहयोग की भावना पैदा करना है जिससे गांव के विकास में प्रतिद्वंद्विता बाधा ना बने।उन्होंने कहा कि सद्भावना ग्राम योजना के तहत आने वाले गांव के विकास कार्यों को प्रशासनिक स्तर पर प्राथमिकता दी जाएगी।गांव के विकास में प्रधानी का चुनाव हारने वाले उम्मीदवार को भी भागीदार बनाने की अनोखी पहल करते हुए रिटायर्ड आईएएस अधिकारी पूर्व कमिश्नर डॉ. अजय शंकर पांडेय ने मंगलवार को मेजा ब्लाक में सद्भावना ग्राम योजना की शुरूआत की। मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले पांडेय ने बताया कि ऐसा पहली बार है कि प्रधान के चुनाव में निर्वाचित और पराजित रहने वाले व्यक्ति

## विजेता और उपविजेता प्रधानों की संयुक्त बैठक में गांव के विकास पर हुई चर्चा




गांव के विकास के लिए एक साथ आए हैं।श्री पांडेय ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से सद्भावना ग्राम योजना के अंतर्गत निर्वाचित प्रधान को कुशल प्रधान और पराजित प्रधान को विकास सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। श्री पांडेय ने बताया कि इस योजना का क्रियान्वयन तीन चरणों में किया जाएगा जिसमें प्रथम चरण में पराजित प्रधान प्रत्याशी के साथ बैठक की जाएगी। जबकि दूसरे चरण में निर्वाचित प्रधान के साथ बैठक की जाएगी।वहीं अंतिम चरण में निर्वाचित और पराजित प्रधान के साथ बैठक कर विकास की रूपरेखा तय की जाएगी।उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रधान के चुनाव में पराजित व्यक्ति के मन से वैमनस्य की भावना हटेगी और भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा, क्योंकि यह योजनाओं के क्रियान्वयन में खामियों को उजागर करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि समस्याओं के निस्तारण में सद्भावना ग्राम योजना सहायक होगा।इससे समय और दुश्मनी भी खत्म होगी। इसमें जिला प्रशासन का भी सहयोग से सही निर्णय भी होगा। छोटे छोटे मुकदमों का निस्तारण आसानी से ग्राम स्तर पर ही हो जायेगा।उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह कोई सरकारी आदेश नहीं है और न ही यह कानून है।यह पूरी तरह से आपके स्वेच्छा और इच्छा पर निर्भर है।उन्होंने उपस्थित सभी 75 गांव के प्रधानों के सहयोग की सराहना करते हुए सभी से शांति और सद्भाव की अपेक्षा की है।अंत में खंड विकास अधिकारी मेजा सईद अहमद ने कहा कि जब ग्राम पंचायत स्तर की शिकायत तहसील और थाने तक नहीं पहुंचती है तभी यह योजना पूरी तरह से सफल माना जायेगा।पूर्व कमिश्नर ने प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ला को सद्भावना ग्राम योजना की पुस्तक भेंट की। डॉ.अजय शंकर पांडेय ने बताया कि इससे पूर्व वह गाजियाबाद, जालौन, ललितपुर और झांसी में सद्भावना ग्राम योजना को क्रियान्वित कर चुके हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रधान पंकज राव, रामधारी बिंद, राकेश कुमार यादव, अनिल कुमार, सुषमा देवी, आशीष निषाद, जगन्नाथ, हीरामणि, मुरारी यादव, इंद्र कुमार, सोनू पटेल सहित सभी प्रधान व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### बिजली की मनमानी कटौती से ग्रामीण क्षेत्र के लोग परेशान

**जारी।** क्षेत्र के जारी कस्बे सहित ग्रामीण इलाकों में बिजली विभाग की उदासीनता से इन दिनों बिजली की मनमानी कटौती हो रही है जिससे आम जन के साथ ग्रामीण खासे परेशान हैं। बता दें कि 33 केवीए का विद्युत उपकेंद्र जारी पावर हाउस से असरवइ फीडर, बकरावा फीडर, सिध टिकट फीडर, जारी टाउन, गन्ने फीडर खूजी फीडर के लोग कटौती से काफी परेशान हैं। बीते कई दिनों से बिजली की अघोषित कटौती व आंख मिचौली से लोग काफी परेशान हैं। लोगों ने बताया कि बिजली कब आएगी कब चली जाएगी इसका कोई समय निश्चित नहीं है । लोगों ने बताया कि कई गांवों में तो 1986 से तार व खंभे नही बदले गए जिससे वे जर्जर हो चुके हैं। जिस कारण आए दिन तार टूटने से बिजली बाधित रहती है। जारी बाजार की विद्युत व्यवस्था के बारे में बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। जब अवर अभियंता प्रदीप वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस समय कटिया मारी बायपास कनेक्शन चोरी किलोवाट लोड व बकाया को लेकर अभियान चल रहा है। जिसके तहत लाइन काटी जा रही है। कुल फिटरों में लगभग कनेक्शन धारको की संख्या काफी बड़ी है। जिसके कारण लोड बढ़ गया है। जिस वजह से बिजली ट्रिप कर जा रही है। ग्रामीणों की माने तो बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बाजारों में ना तो रीडिंग ली जा रही है बस कनेक्शन काटने की धमकी देते हैं जबकि गलत रीडिंग आने की वजह से बिल बढ कर आता है। ऐसे में कभी महीने में 500 तो कभी 1000 बढ़-चढ़कर बिल आता है इसके वजह से बिल का संशोधन नहीं होता है। अवर अभियंता कहते हैं कि हर महीने आप अपना बिल का भुगतान कैंप में आकर कर दें नहीं तो आपका कनेक्शन काट दिया जाएगा। पूरा भुगतान होने पर ही लाइन को जोड़ा जाएगा।

## अधिकारियों की मेहरबानी पर शासन की नियमावली दरकिनार

# विभिन्न ब्लाकों में कई वर्षो से डटे सचिवों पर गिर सकती है गाज!

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** शासन के नियमो की धज्जियां उड़ाते या फिर अधिकारियों की मेहरबानी से प्रयागराज के विभिन्न ब्लाकों में दशकों से जमे ग्राम सचिवों का स्थानांतरण की सूची जल्द जारी होगी। वहीं प्रयागराज जिले का सोरांव ब्लॉक एक ऐसा ब्लॉक है जहां पर सीनियर और जूनियर सचिवों को लेकर पिछले एक साल पहले जमकर विवाद हुआ था। जिसको लेकर तत्कालीन प्रभारी एडीओ पंचायत की कुर्सी तक चली गई थी। जानकारी के अनुसार प्रभारी एडीओ पंचायत सुरेंद्र कुमार यादव ने विभागीय नियमावली का उल्लंघन करते हुए अपने रसूक व राजनैतिक जुआड़ से २०२० में एडीओ पंचायत सोरांव के पद पर आसीन हुए। इनको सचिव के रूप में २०१३ मे विकास खंड सोरांव में तैनात किया गया था। बीच में एक महीने के लिए कौड़िहार ब्लॉक में तैनाती मिली और अवकाश पर चले गए। पुनः अवकाश के बाद सोरांव में सचिव बन कर आए। और अपने रसूक के दमपर एडीओ पंचायत के पद पर दिसंबर 2022 तक रहे, लगभग 9 सालो तक सोरांव में जमे रहे। हालांकि पदभार ग्रहण करने के कुछ महीने तक तो सब कुछ ठीक रहा लेकिन बाद में एडीओ पंचायत के कार्य व्यौहार और पक्षपात की भावना से ग्रसित होकर काम करने का आरोप ब्लॉक के कर्मचारियों व जनता द्वारा लगाया गया। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों ने कुर्सी से नीचे उतार कर मऊआइमा के एडीओ पंचायत विजय कुमार यादव को सोरांव का अतिरिक्त चार्ज दिए। हालांकि कुछ महीने बाद विजय यादव को सोरांव का फुल चार्ज मिल गया। और सुरेंद्र कुमार यादव को सोरांव में ही कुछ गांव का ग्राम पंचायत सचिव की जिम्मेदारी मिल गई। जिम्मेदारी का निर्वाहन कर ही रहे थे। इसी बीच नव निर्मित ब्लॉक श्रृंगवेरपुर धाम में एडीओ पंचायत की कुर्सी संभालने की जिम्मेदारों मिली लेकिन दुर्भाग्य रहा कि कुछ लोगों के आगे इनके कार्य व्यौहार को लेकर श्रृंगवेरपुर धाम में चार्ज लेने में असमर्थ रहे। तो पुनः तत्काल प्रभाव से अवकाश पर चले गए। वहीं विगत कई वर्षों से सोरांव ब्लॉक में कई जिम्मेदार सचिव तैनात है। जिसने अंकित मौर्य 2011से तैनात( बीच में 4 वर्ष होलागढ़ में भी नियुक्त) रहे। अखिलेश कुमार व राजीव कुमार व अजय यादव 2016से तैनात तथा रिद्धि मिश्रा व ऋतु प्रिया अन्य पूर्णा तथा नरेंद्र सिंह 2017 से सोरांव ब्लॉक में जमे हुए है। हालांकि तैनात सचिवों को कलस्टर प्रक्रिया में सभी को चार से पांच गांव चार्ज मिला हुआ है। और सभी लोग अपने कार्य का बखूबी निर्वाहन करते हैं।



## उड़ीसा ट्रेन हादसे में मृतकों के प्रति की गई शोक सभा

**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज प्रयागराज के तत्वावधान में गारापुर स्थित केन्द्रीय कार्यालय पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र की अध्यक्षता में बालासोर उड़ीसा में हुए भयंकर ट्रेन हादसे में मृतकों के प्रति एक शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों द्वारा मृतकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति हेतु परमात्मा से प्रार्थना की गई। इस मौके पर पंडित लवकेश मिश्रा ने मृतकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए शोक सभा को संबोधित किया। उन्होंने सरकार एवं रेल विभाग तथा रेल मंत्री से मांग किया कि इस भयंकर रेल हादसे में मारे गए रेल यात्रियों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए एवं हादसे में पाए जाने वाले दोषी व्यक्ति को कठोर से कठोर दंड दिया जाए। शोक सभा में प्रमुख रूप से सत्येंद्र त्रिपाठी, विनय शुक्ला, लोकेश शुक्ला, अनूप शुक्ला, विवेक शुक्ला, आचार्य शिव नंदन त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला, डॉ ए एन मिश्रा, अमित तिवारी, आशीष शुक्ला, प्रमोद कुमार शुक्ला, राम शिरोमणि मिश्र, प्रवेश शुक्ला, योगेश शुक्ला, मनीष तिवारी, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, राजमणि शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, मानस शुक्ला सहित क्षेत्रीय प्रबुद्ध जन उपस्थित होकर मृतकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दिया।

# अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाना ही प्राथमिकता : राजेश उपाध्याय

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शासन के मंशानुरूप अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना एवं आम जनता की समस्याओं का समधान करना ही प्राथमिकता होगी। उक्त उद्गार मेजा थाने के नवागंतुक थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने मंगलकर को कार्यभार ग्रहण के पश्चात उपस्थित पत्रकारों से प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि आजमगढ़ जनपद के तीन थानों के अतरिक्त शंकर गढ़, घूरपूर एवं सरायइनायत में बतौर थाना प्रभारी एवं एसओजी प्रभारी गंगानगर जोन का नेतृत्व कर चुके सन 2013 बैच के श्री उपाध्याय ने मेजा थाने की कमान बतौर थाना प्रभारी संभाल लिया है। उन्होंने आम जनता की समस्याओं का निस्तारण करते हुऐ कहा कि वाद करियों का सम्मान करते हुए अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर पैनी नजर रखी जायेगी ताकि आये-दिन होने वाले छोटे व बड़े अपराधों को रोका जा सके और आम जनता भयमुक्त हो सके। श्री उपाध्याय ने कहा कि मेजा थाने के किसी भी स्टाफ से यदि किसी को कोई शिकायत है तो वह सीधे आकर मुझे अवगत कराये ऐसे स्टाफ के विरुद्ध एक्शन लिया जायेगा इतना ही नहीं मेजा थाने के समीप ही तहसील न्यायालय होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस, पत्रकार तथा अधिवक्ता बंधुओं का आपसी सामन्जस्य होना परस्पर आवश्यक है साथ ही साथ आम जनता में पुलिस की साफ सुथरी छवि स्थापित किया जायेगा।गौरतलब है कि प्रयागराज जनपद के अलावा अन्य जनपदों में अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने में चर्चित श्री उपाध्याय का मानना है कि शासन के मांशानुरूप अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता होगी। इस दौरान वे भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र द्विवेदी से जहा मुलाकात किया वही मेजा थाने के समस्त स्टाफ व चौकी प्रभारियों से रूबरू हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**आम जनता की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान**



# श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुकमणी विवाह महोत्सव में जुटी भीड़

अखंड भारत संदेश

**करछना।** बेंदो गांव में 6वें दिन श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का महोत्सत मनाया गया। भागवत कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान श्रीमती प्रभा शुक्ला व डॉ उमा शंकर शुक्ला ने आचार्य जी की आरती एवम अभिनंदन किया ।आयोजक आशुतोष शुक्ल व अभिजीत शुक्ला ने आए हुए सभी लोगो को स्वागत व आभार प्रकट किया। भागवत कथा के व्यास पीठ पर कथावाचक आचार्य देवव्रत महाराज ने पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से



परिपूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश हैं। आज की कथा में समस्त ग्राम वासियों सहित विजय शुक्ला, हर्ष शुक्ला, संजय शुक्ला, ललित श्रीवास्तव , बाबू लाल पटेल, सत्यम सिंह ठाकुर, अनुज चतुवेर्दी, कृपा शंकर शुक्ला, किसलय, कौस्तुभ आदि लोग उपस्थित थे।

# मऊआइमा में जाम की समस्या से जूझ रहे लोग





अखंड भारत संदेश

**ई रिक्शा चालकों का जाम में बेतरतीब गाड़ियों के बीच घुसना कर रहा कोढ़ में खाज का काम**

**रेलवे क्रासिंग, पुराना बस अड्डा चुनौंटा कुआं से तीन बत्ती तक अतिक्रमण हटाने की हुई मांग**

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत में जाम के झाम में फंसना आम बात हो गई है। नगर पंचायत में जाम की समस्या एक असाध्य रोग बन कर रह गया है। ई रिक्शा जाम लगाने में माहिर।कस्बावासियों ने यहां भारी आतिक्रमण से निजात दिलाने की मांग की है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में जाम की समस्याओं से आज तक किसी ने निजात नही दिलवा पाया है। जन प्रतिनिधि बडे बडे वायदे करके चले जाते हैं फिर चुप्पी साध लेते हैं।बताते हैं कि मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर ब्रिज बनाने का कतिपय जन प्रतिनिधियों ने वायदा करके भूल गए।कस्बा के पुराना बस अड्डा से लेकर तीन बत्ती तक इन दिनों चल रहे शादी ब्याह की खरीदी में भयानक जाम लग रहा है। दबंग दुकानदार अपने दुकानों का चबूतरा बढा कर उसके बाद सामान रख देते हैं जब कोई ग्राहक आता है तो बाइकों को सडकों पर लगा देता है। तथा वहीं ई रिक्शा खडे रहने से भी जाम की लगना स्वभाविक है। यदि कोई दुकानदार को टोक देता है तो तो वह आमादा फसाद हो जाता है। गत वर्ष नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने पुलिसकर्मियों के साथ आतिक्रमण हटाने अभियान छेडा परन्तु कुछ घंटों के बाद बंद कर चले गए। इन दिनों आम जनमानस ई रिक्शा लगाने में माहिर हो गए हैं।नशेड़ी रिक्शा चालक जोर जोर से आश्लील गाना बजाते हैं। बहरहाल यहां के निवासियों ने जाम की समस्याओं से निजात तथा आतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

# पंचायत सहायकों को फेज टू के अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**करछना।** जनपद पंचायत रिसोर्स सेंटर मंझनपुर जनपद कौशांबी में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत ओ डी एफ प्लस ग्राम पंचायतों के समस्त ग्राम प्रधान पंचायत सहायक सफाई कर्मचारी एवं संबंधित सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें ग्राम पंचायत में होने वाले कार्य के बारे में समझाया गया उपस्थित करछना ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री विवेक कुमार मिश्रा तथा सचिव मनीष सिंह, संजीव श्रीवास्तव, अक्षत सिंह, कमल सिंह, राम सकल, अमित कुमार, महेश कुमार , राज कपूर गौतम, आदित्य तथा पंचायत सहायक शुभम विश्वकर्मा, पंकज निषाद, आलोक यादव, रविशंकर, सुशील, आशुतोष, स्वाति शुक्ला, प्रीति , ममता आदि पंचायत सहायक एवं सफाईकर्मी सम्मिलित हुए।



## न्यूज झरोखा

### नैनी त्रिवेणी नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर का 9 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**नैनी।** नैनी श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति की ओर से नैनी के त्रिवेणी नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर का 9 वां स्थापना दिवस सोमवार को हर्षोल्लास के सहित बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें जन कल्याण हेतु आचार्य जनों की मौजूदगी में एक दिवसीय अनुष्ठान भी संपन्न हुआ। कलाकारों की ओर से मंदिर परिसर में भव्य विद्युत झालरों से साज-सज्जा की गई थी । जो कि दर्शनीय के साथ लोगों को आकर्षित करती रही । वहीं महिलाओं की ओर से देर शाम तक भजन संध्या की सुंदर प्रस्तुतियां भी होती रही । राधा रानी समेत भगवान श्री कृष्ण की सामूहिक रूप से आरती भी की गई । वहीं देर शाम को लोगों में सामूहिक रूप से प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक कथावाचक व ज्योतिषी आचार्य हरिहर जी महाराज ने मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत किए सभी भक्त जनों के प्रति आभार जताया । इस मौके पर पुजारी मिश्री लाल पुरोहित चन्द्र विजय पांडेय नरेंद्र कुमार मिश्रा डॉ सुभाष चंद्र प्रभंजन प्रसाद प्रधानाचार्य केशवेंद्र सिंह जितेंद्र गिरी आशुतोष मिश्रा अमित मिश्रा कुलदीप तिवारी सुधीर पांडेय शिवम मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### शशांक अग्रवाल, अमरीश उपाध्याय मिस्टर फेयरवेल एवं अंजलि दुबे, शगुन निगम बनी मिस फेयरवेल




**नैनी।** नैनी यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (यूआईएम), नैनी के जूनियर छात्रों ने सोमवार को आयोजित विदाई समारोह 'चलते-चलते 2के23' में अपने सीनियर्स को खुशी और आंसू के मिश्रित भाव से विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ यूसीईआर ऑडिटोरियम में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुई, सरस्वती वंदना और 'बजाओ ढोल की मेरे घर राम आए हैं' पर उद्घाटन नृत्य से किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए यूआईएम के प्राचार्य प्रो केके मालवीय ने छात्रों को सफलता के मंत्र साझा किए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कुछ पेशेवर नैतिकता पर प्रकाश डाला और छात्रों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का सुझाव दिया। प्राचार्य, यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (यूसीईआर) प्रो एचपी शुक्ला, प्राचार्य, यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी (यूआईपी), डॉ आलोक मुखर्जी, प्राचार्य, यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव और प्राचार्य, यूआईएम-एफयूजीएस डॉ देवेंद्र तिवारी ने छात्रों को करियर में निरंतर विकास के लिए कड़ी मेहनत करने और ईमानदारी के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जूनियर्स और सीनियर्स ने मनमोहक नृत्य और गीत की प्रस्तुति दी। रैम्प वॉक और मिस्टर एंड मिस फेयरवेल की घोषणा कार्यक्रम के अन्य आकर्षण थे। एमबीए के शशांक अग्रवाल और अंजलि दुबे और एमसीए के अमरीश उपाध्याय और शगुन निगम को क्रमशः मिस्टर और मिस फेयरवेल घोषित किया गया। एमबीए द्वितीय वर्ष की निकिता सेठ ने धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर एचओडी एमबीए डॉ. रोहित कुमार विश्वकर्मा और एचओडी, एमसीए डॉ अवनीश गुप्ता सहित फैकल्टी सदस्य उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर महिलाओं ने किया पौधरोपण




**नैनी।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के मौके पर महिलाओं ने नैनी के मामा भांजा मोहल्ले में पौधरोपण कर लोगों को जागरूक किया। अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा महिला इकाई की प्रदेश प्रभारी मीना जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सभी को जीवन में पौधरोपण करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को हम बेहतर वातावरण दे सकें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बबिता जायसवाल, कंचन जायसवाल, गीता, आशा, सविता आदि महिलाएं मौजूद थीं।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल जहर के समान



**जसरा।** सोमवार की देर शाम केन्द्रीय इलाहाबाद विश्व विश्वविद्यालय के छात्रनेता अभिषेक सिंह पटेल के नेतृत्व मे जसरा के मनकवार मे विश्वपर्यावरण दिवस एवम सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव पर पौधे भेंटकर लोगों से अधिक से अधिक मात्रा मे वृक्षारोपण, जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक सिंह पटेल नें कहा कि लोगों को जन्मदिन, पुण्यतिथि, शादी सालगिरह समेत अनेकों सामाजिक, धार्मिक एवम खुशियों के अवसर पर वृक्षारोपण करने एवम उनके संरक्षण का अटूट संकल्प लेकर पर्यावरण को मजबूत करने का प्रयास करना चाहिए आगे उन्होंने यह भी कहा पालीथीन बंद करने की आवश्यकता हैं क्योंकि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बहुत अधिक मात्रा मे हो रहा हैं समय रहते यदि इसका बहिष्कार न किया गया तो आने वाले समय मे इसके काफी भयावह परिणाम होंगे। उक्त अवसर पर छात्र -छात्राओं सहित अन्य लोगों को अनार, जामुन, आम इत्यादि पौधे भेंट किया गया।अभिषेक सिंह (पंकज सिंह ), कृष्णा, अंकिता सिंह, संदीप सिंह, श्रेया आदि लोग मौजूद रहें।

### महापौर ने कार्यकताओं संग किया पौधारोपण




**नैनी।** नैनी विश्व पर्यावरण दिवस पर "पारस फाउंडेशन" के तत्वाधान में मीरापुर सब्जी मंडी स्थित " गुरु नानक पार्क" में "पौधारोपण" का कार्यक्रम किया गया जिसमें फूल एवं फल के 21 पेड़ लगाए गए। मुख्य अथिति के रूप में महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी उपस्थित रहे। उन्होंने उनके नाम का माधव वृक्ष लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिन पर उनके नाम योगी पेड़ लगाकर पर्यावरण जागरूकता के साथ ही वृक्षों को बचाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा वृक्षारोपण से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या दूर होगी। इस अवसर पर पार्षद साहिल अरोरा मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह, महामंत्री गया निषाद, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा कनौजिया, महानगर महामंत्री युवा मोर्चा अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, मंत्री अनिल पांडेय, वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी, सेक्टर अध्यक्ष अरुण निषाद, मीडिया प्रभारी मधुमिता नाथ, पुष्पा विश्वकर्मा, शोषल मीडिया शुभेंद्र पांडेय आदि रहे।

### नैनी चाका भाजपा कार्यालय में मनाया सीएम का जन्मदिन



**नैनी।** नैनी चाका भाजपा कार्यालय में एक कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया मिठाई बाटा गया। इस मौके पर प्रदीप तिवारी उपाध्यक्ष किसान मोर्चा घनश्याम जायसवाल रेहड़ी पटरी महानगर संयोजक बाल गोविंद दुबे सुनील विश्वकर्मा मिश्री लाल कुशवाहा अयोध्या प्रसाद पांडे मूलचंद पटेल रमाकांत शैलेंद्र मिश्रा आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### माटीकला के कार्य को बढ़ाने के लिये ऋण हेतु माँगे गये आवेदन

**प्रयागराज।** उ0प्र0 सरकार द्वारा माटीकला को बढ़ावा देने हेतु उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत जनपद-प्रयागराज को 5 इकाईयों धनराशि रु0-12.50 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके अन्तर्गत माटीकला से जुड़े कुम्हारी कला में लगे कारीगरों को अधिकतम रू0-10.00 लाख तक के ऋण बैंक से स्वीकृत कराये जाने का प्राविधान है। प्रोजेक्ट लागत का 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना होगा। स्वीकृत धनराशि के पूंजीगत ऋण धनराशि पर 25 प्रतिशत तक की धनराशि लाभार्थियों को मार्जिन मनी के रूप में अनुदान स्वरूप प्राप्त होगी। इस योजनान्तर्गत व्यक्तिगत इकाईयां ही स्थापित करायी जायेंगी। रु0-5.00 लाख तक का आवेदन करने के लिये साक्षर होना अनिवार्य है। रु0-5.00 लाख से अधिक की परियोजना हेतु लाभार्थी को कम से कम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। यह योजना उ0प्र0 में माटीकला से संबंधित कारीगरों को वित्तीय सहायता प्रदान कर व्यवसायिक दृष्टिकोण से समृद्ध होने में मदद मिलेगी। जिन कारीगरों की उम्र 18 वर्ष से अधिक हो, इच्छुक आवेदक अपना आवेदन जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, विकास भवन, प्रयागराज में दिनांक-30 जून, 2023 तक जमा कर सकते है। आवेदन के लिए निम्न प्रपत्रों की आवश्यकता है, दो फोटों, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, व ग्राम प्रधान का प्रमाण पत्र आदि। विशेष जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय विकास भवन प्रयागराज में एवं मो.नं. 7985798699, 8853278180व 8840814211 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# भारत के मुसलमानो के लिए भारत से अच्छा कोई देश नहीं : सैय्यद शहनावाज हुसैन

अखंड भारत संदेश

इलाहाबाद लोकसभा का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन यमुनापार के नैनी मे सम्पन्न



**नैनी प्रयागराज।** नैनी पहले काम तलाश कर बताना पड़ता था किंतु मोदी काम इतना करते हैं कि बताना आसान नही है कोई ऐसा क्षेत्र शेष नहीं बचा जहां विकास का कार्य ना हुआ हो। कोरोना काल याद कीजिए मोदी ना होते तो क्या होता,विदेशो मे जब लोग फसें से थे मोदी ना होते तो क्या होता,यमन और युरोप के लोग भी हमारे जहाजो मे बैठकर वापस आए थे, विपक्षियो ने भी कोरोना की वैक्सीन ली थी मोदी ने तो डबल डोज दी थी दुनिया की जीडीपी नीचे जा रही है। वही भारत ही सिर्फ ऐसा देश है जिसकी जीडीपी बढ रही है। हमारे निवेश नीति की तारीफ पाकिस्तान भी करता है। उक्त बातें भारत सरकार के पूर्व मंत्री भाजपा प्रवक्ता सैय्यद शहनवाज हुसैन ने युनाइटेड इंजीनियरिंग कॉलेज आडोटोरियम नैनी में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही उन्होंने बताया दुनिया पलके विछाकर मोदी का स्वागत करती है। प्रबुध्द लोगो के बीच बोलना इतना आसान नही कौन सी लाइन पकड़ ले टीवी डिबेट थोडी है कि बोल के निकल जाइए। श्री हुसैन जी सम्बोधन की बाते प्रबुद्ध लोगों के तालियों से सराबोर रहा। श्री शहनवाज ने कहा देश और प्रदेश का विकास मोदी और योगी ही कर सकते है। 70 सालो मे जो विकास प्रयागराज मे हुआ रहा हो वह यदि 9 वर्षो मे ना हुआ हो तो मेरा नाम सैय्यद शहनवाज हुसैन नही। किसान के खाते मे यदि पैसा आ रहा है तो क्या जाति-धर्म पूछ रहे है नही सभी को विना भेदभाव के सरकारी योजनाओ का लाभ दे रहे है। राहुल अमेरिका मे है,कुछ खालिस्तानी उनका स्वागत करते है,राहुल के उपलब्धि केवल इतना है कि वह चार हजार किलोमीटर पैदल चले। राहुल जी मोहब्बत दुकान खोल कर नही की जाती,मोहब्बत दिल से होती है। काग्रेसी मोहम्बत की दुकान की बात करते है जो हमे साम्प्रदायिक कहते है जिनके दौर मे लोग दंगो से लडा. करता थे। हमने कहा सबका साथ सबका विकास,केन्द्र मे मोदी और प्रदेश योगी के राज्य मे जितनी सुख शाति आई है वह इतिहास मे कभी नही थी। हिन्दूस्तान से अच्छा कोई देश नही है,भारत के मुसलमानो के लिए भारत से अच्छा कोई देश नही, हिन्दू से अच्छा कोई दोस्त नही, मोदी से अच्छा प्रधानमंत्री और योगी से अच्छा मुख्यमंत्री कोई नही है। सांसद इलाहाबाद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा सरकार की उपलब्धियां लोगो के जवा पर है। पाकिस्तान कह रहा है मोदी जी से हमे सीखना चाहिए,विदेशो मे प्रधानमंत्री के पैर छूते है तो देश का सम्मान बढ़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने किया। आभार सासंद रीता बहुगुणा जोशी ने व्यक्त किया। प्रबुद्ध जनों में मुख्य रूप से मंच पर आसीन प्रो0 के. बी. पांडे, पूर्व कुलपति, प्रो0 हरी राम मिश्रा, जेएनयू, अशोक सिंह हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष राधाकांत ओझा, पूर्व अपर महाधिवक्ता शिव कुमार पाल, डॉ0 एल एस ओझा, डॉ0 बी बी अग्रवाल, पद्मश्री से सम्मानित डॉ अजय सोनकर एवं स्टार्टअप के तहत यूट्यूब पर 45 करोड़ का टर्नओवर करने वाले नैनी करछना के दो युवक प्रभात शुक्ला व प्रवीण शुक्ला को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, कोराव विधायक राजमणि कोल, डॉ0 के पी श्रीवास्तव एमएलसी, बारा विधायक वाचस्पति, प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह, जिला प्रभारी ओंकार केसरी, एवं सतपाल गुलाटी जी को विशेष आभार प्रकट किया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष शिवदत्त पटेल, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, डॉ भगवत पांडे, संचालन विक्रमादित्य मौर्य और राजेश शुक्ला ने किया। जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, पुष्पराज सिंह, प्रबुद्ध जन प्रकोष्ठ के संयोजक सुरेश सिंह, राजेश्वरी तिवारी, तुलसीदास राणा, सांसद प्रतिनिधि राजेश त्रिपाठी, संत प्रसाद पांडे, विजय पुरस्वानी मानस शर्मा, उत्तम द्विवेदी एवं रमाशंकर शुक्ला,आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### सियालदाह एक्सप्रेस के जनरल कोच के बाहर धुएं की सूचना, रेलवे ने बताई अफवाह



**प्रयागराज।** प्रयागराज से सटे कौशांबी जिले के भरवारी स्टेशन के पास सियालदाह-अजमेर एक्सप्रेस (12987) में आग लगने की सूचना पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ट्रेन को वहां रोका गया। मौके पर मौजूद रेलवे स्टाफ ने खामी को दुरुस्त किया। इसके बाद ट्रेन को पूरी तरह से परखने के बाद उसे वहां से रवाना किया गया।जानकारी के अनुसार, ट्रेन नंबर 12987 सियालदाह-अजमेर एक्सप्रेस में भरवारी स्टेशन के ठीक आगे स्टार्टर सिग्नल पर यात्रियों ने जनरल कोच के बाहर धुएं की सूचना दी। इसे लेकर रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया, फौरन वहां ट्रेन रोकी गई और रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरी तरह से ट्रेन की जांच-पड़ताल की। ट्रेन दोपहर 13:22 पर रोकी गई थी और 14:00 पर रवाना हुई।गाड़ी रुकने के बाद पूरी तरह से चेक की गई। कर्मचारियों ने आश्वस्त होने के बाद उसे वहां से रवाना किया। बता दें कि वर्तमान में ट्रेन फतेहपुर से कानपुर की तरफ निकल चुकी है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि कुछ लोगों ने सोशल मीडिया में आग की सूचना प्रसारित कर दी थी, जबकि ऐसा नहीं है।

### आयुष्मान कार्ड के नाम पर ठगी : ओटीपी भेजकर खाते से निकाले 11 हजार, सहज सेवा केंद्र का संचालक गिरफ्तार




**प्रयागराज।** आयुष्मान भारत का कार्ड बनवाने के नाम पर जालसाज मोबाइल नंबर और ओटीपी पूछते हैं। फिर उनके खाते से रुपए निकाल लेते हैं इसी तरह की शिकायत पुलिस तक पहुंची है दरअसल, आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी का पांच लाख रुपए तक इलाज मुफ्त होता है, लेकिन इसमें लाभार्थी वही होता है जो गरीबी रेखा से नीचे हो फ्राड करने वाले लोग आयुष्मान भारत योजना का लाभार्थी बनाने के लिए लोगों को फंसा लेते हैं और उनके खाते से रुपए निकाल लेते हैं खाते से निकाल 1.28 लाख रुपए अनिल गुप्ता बताते हैं "प्रयाग स्टेशन पर उनके घर के पास दो युवक आयुष्मान भारत का कार्ड बनाने के लिए थे वह लोगों के मोबाइल पर ओटीपी भेजे ओटीपी पूछने के कुछ देर बाद उनके खाते से 1.28 लाख रुपए निकाल लिए इसी तरह से करेली के योगेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी दुकान पर दो युवक पहुंचे और उनके साथ साथ परिचितों से आधार कार्ड और गोल्डन कार्ड बनाने के नाम पर पूछा और 11 हजार रुपए निकाल लिए। कुछ लोगों के आइटीआर भरने के नाम पर उनके ओटीपी पूछे और उनके खाते से रुपए निकाल लिएलिए आयुष्मान भारत योजना के नोडल डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि सहज सेवा केंद्रों द्वारा आधार कार्ड के माध्यम से लोगों के रुपए निकालने के व्यवस्था है लेकिन इसके लिए खाताधारक के पास ओटीपी जाती है और बिना ओटीपी के कोई रुपए नहीं निकाल सकता है फ्राड करने वाले जब लोगों के पास जाते हैं तो आयुष्मान भारत का कार्ड बनाने की बात कहकर उनके मोबाइल का रुपये निकालने वाला ओटीपी भेज देते हैं और खाते से रुपये निकाल लेते हैं। इसमें एक को पकड़ा गया है।

### अब्बास अंसारी समेत तीन को हाईकोर्ट से फौरी राहत अदालत ने संज्ञान और सम्मन आदेश किया रद्द



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी व दो अन्य के खिलाफ धारा 171एच के तहत अपराध का संज्ञान लेकर सम्मन जारी करने के मजिस्ट्रेट के आदेश को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया है। साथ ही एसीजेएम मऊ को आदेश मिलने से दो हफ्ते में कानून के तहत संज्ञान आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्र ने अब्बास अंसारी व अन्य की याचिका पर दिया है।

# 2 आईपीएस 4 एसीपी और 6 थानेदार के कार्यक्षेत्र में किया गया बदलाव

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्वर डॉ. रमित शर्मा प्रयागराज पुलिस कमिश्वर डॉ. रमित शर्मा ने सोमवार को 2 आईपीएस अफसरों समेत चार एसीपी और 6 थानेदारों का कार्यक्षेत्र बदल दिया। इसमें इंस्पेक्टर मेजा और थाना अध्यक्ष लालापुर को लाइन हाजिर किया गया है सहायक पुलिस अयुक्त रहे आईपीएस चिराग जैन को सहायक पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। चिराग जैन 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। ट्रेनिंग पीरियड के एसीपी सोरांव अभिनव त्यागी की ट्रनिंग पूरी होने के बाद पदोन्नति देते हुए उन्हें पुलिस उपायुक्त यातायात बनाया गया है। अभिनव त्यागी 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं एसीपी कौधियारा वरुण कुमार को धूमनगंज एरिया का सहायक पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। एसीपी क्राइम राजीव कुमार यादव को कौधियारा सर्किल का इंचार्ज बनाया गया है एसीपी कानून व्यवस्था एवं सहायक पुलिस आयुक्त वीआईपी शैलेंद्र सिंह परिहार सोरांव सर्किल के एसीपी बनाए गए हैं एसीपी धूमनगंज रहे महेंद्र सिंह देव को एसीपी कानून व्यवस्था और वीआईपी नियुक्त किया गया है मेजा थानाध्यक्ष लाइन हाजिर इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर मिश्रा को मेजा थाने से लाइन हाजिर कर दिया गया है उनके स्थान पर गंगा नगर जोन के एसओजी प्रभारी रहे एसआई राजेश उपाध्याय को थानाध्यक्ष मेजा नियुक्त किया गया है। रिट सेल में तैनात रहे एसआई दिनेश कुमार मौ्य को थानाध्यक्ष घूरपुर बनाया गया है, जबकि पुलिस आयुक्त के पीआरओ अजय मिश्रा अब लालापुर थाने का चाज्ज संभालेंगे थानाध्यक्ष लालापुर का कार्यभार देख रहे एसआई शेर सिंह यादव को लाइन हाजिर कर दिया गया है इसी प्रकार मेजा थाने के दरोगा योगेंद्र कुमार पटेल को रिट सेल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

**एसीपी ट्रैफिक होंगे अभिनव त्यागी चिराग जैन को सहायक आयुक्त अपराध का मिला अतिरिक्त प्रभार**



# कपड़ा खरीदने गई शिक्षिका को लगी गोली

**लड़कों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट में एक ने तमंचे से कर दिया फायर**

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** खुल्दाबाद कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर शाम युवकों के दो गुटों में झगड़ा हो गया। जिसमें एक युवक ने फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान वहां खरीदारी करने पहुंची शिक्षिका के पेट में गोली लग गई। जिससे वहां भगदड़ मच गई। भीड़ का फायदा उठाकर हमलावर वहां से पैदल ही भाग निकले। घायल महिला को पहले काल्विन हॉस्पिटल ले जाया गया फिर वहां से स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहां लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। खुल्दाबाद कोतवाली अंतर्गत निहालपुर मोहल्ला निवासी आभा वर्मा (44) पत्नी राजेश कुमार वर्मा धूमनगंज थाना क्षेत्र के पीपल गांव उर्फ शाहापुर स्थित एक स्कूल में शिक्षिका है। मंगलवार की शाम को वह रोशनबाग के दुपट्टा गली में अपने पति के साथ कपड़ा खरीदने गई थी। वह एक दुपट्टा सेंटर के सामने खड़ी थी। उसी वक्त तीन-चार युवक वहां पहुंचे और आपस में मारपीट करने लगे। मारपीट के बीच एक युवक ने तमंचे से गोली चला दी। गोली आभा वर्मा के पेट में लग गई। फायरिंग की आवाज सुनकर वहां दहशत फैल गई। लोग इधर उधर भागने लगे। गोली लगने से घायल शिक्षिका चीखते हुए सड़क पर गिर गई। उनके पति ने शोर मचाया। आसपास के कुछ लोग आए। सब लोग शिक्षिका आभा वर्मा को काल्विन हॉस्पिटल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उसे एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद खुल्दाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के दुकानदारों से पूछताछ की। दुकानदारों ने कहा कि एक लड़के को दो-तीन लड़के मार रहे थे। उनके हाथ में तमंचा था। इसी दौरान गोली चली और महिला को लग गई। बताया जा रहा है कि चकिया और अकबरपुर के लड़कों के बीच आपस में विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खुल्दाबाद इंस्पेक्टर का कहना है कि वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में हमलावरों का चेहरा दिख रहा है। पहचान की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# नैनी नए पुल के मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम

**एसपी ट्रैफिक को दी हिदायत, नैनी और झूंसी चौराहे के आसपास न खड़े होने पाएं वाहन**





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी नए यमुना पुल के मरम्मत कार्य का निरीक्षण किए जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने किया इस दौरान नैनी चौराहा और झूंसी चौराहे पर लगने वाली वाहनों की लंबी लाइन पर नाराजगी जताते हुए एसपी ट्रैफिक और उनसे जुड़े अन्य मातहतों इस समस्या से तत्काल निजात दिलाने को कहा डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि अगर इन चौराहों के आसपास कहीं भी भारी या छोटे वाहन खड़े नजर आते हैं, तो उन पर तत्काल एक्शन लिया जाए रोड पूर्ण रूप से क्लियर होनी चाहिए ताकि जाम नहीं लगे इसका विशेष ध्यान रखना है। उन्होंने मरम्मत कार्य कराने वालों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया उन्होंने वाहनों के आवागमन में कोई गतिरोध न हो इसके लिए व्यापक प्रबंध करने के भी निर्देश दिए जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सोमवार को नये यमुना पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया वहां पर यातायात की व्यवस्था को देखा जिलाधिकारी ने इंजीनियरों, सेतु निगम एवं सम्बन्धित अधिकारियों से मरम्मत कार्य की विस्तार से जानकारी लेते हुए मरम्मत के कार्य का कितना भाग कब तक पूर्ण होगा मरम्मत कार्य के साथ यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है जिससे कि वाहनों के आवागमन में कोई गतिरोध न पैदा हो तथा जाम की स्थिति न बनने पाए यातायात के नियंत्रण हेतु समुचित संख्या में कर्मियों की ड्यूटी लगाने को कहा डीएम ने सेतु निगम के अधिकारियों को चालू लेन के मध्य में बैरियर तथा रस्सी लगाने को कहा है। जिससे कि वाहन अपनी ही लेन में चले तथा ओवरटेकिंग न करने पाए। जिलाधिकारी ने एसपी ट्रैफिक व टीआई को चुंगी चौराहा व नैनी चौराहा पर किसी भी स्थिति में वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति न पैदा होने पाए जिलाधिकारी ने नये यमुना ब्रिज पर यातायात के नियंत्रण हेतु समुचित संख्या में कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने को भी कहा इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार, एसपी ट्रैफिक, सेतु निगम व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पिकअप में रस्सी से बंधा मिला चालक का शव

**लेडियारी।** खीरी थाना क्षेत्र के खूंटा गांव में मंगलवार को सुबह पिकअप के अंदर बंधा मिला रस्सी से शव।जानकारी के अनुसार खूंटा गांव निवासी रवि शंकर पांडे के यहां 5 जून को कौंधियारा थाना क्षेत्र के उमरी संडवा गांव से बारात आई हुई थी जिसमें पिकअप चालक विनोद कुमार निषाद पुत्र बाबाजी उम्र लगभग 20 वर्ष जारी गांव निवासी अपनी गाड़ी लेकर बारात में आया हुआ था । सुबह बारात मालिक जब सामान लादने के लिए गाड़ी की खोज की तो उसका कहीं पता नहीं चला। पता न चलने पर खोजबीन की गई तो बारात के जनवास से लगभग 30 मीटर दूर सड़क किनारे पिकअप दिखाई दिया तो मौके पर लोग पहुंचे तो चालक के दाएं साइड में रस्सी निकली हुई थी जो नीम के पेड़ से बंधी हुई थी लोगों को शक हुआ की गाड़ी के अंदर शव बंधा पड़ा है। नागफनी के पेड़ से सटी हुई गाड़ी खड़ी थी बाएं साइड का गेट बंद था तथा दाएं गेट में चालक का गला बांधकर रस्सी से नीम के पेड़ से बांधा था जिसकी सूचना ग्रामीणों ने खीरी पुलिस दी तो मौके पर पहुंची खीरी पुलिस ने गेट को खोलवा कर रस्सी को नीम से खुलवा कर नीचे उतारा गया। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु चीरघर भिजवाया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था बड़ा भाई ने बताया कि कल विनोद ने जुआ में चालीस हजार रुपए जीता था बीस हजार रुपए अपनी मां को दे दिया था बाकी का पैसा अपने पास ही लिया था घटना की जानकारी जैसे ही परिवार को हुई तो परिवार में मातम का माहौल छा गया।

# महंत नरेंद्र गिरि के गनर रहे सिपाही की जांच शुरू

अखंड भारत संदेश



आय से अधिक संपत्ति की जांच कर रही एसीओ, शिकायतकर्ता नूतन ठाकुर का बयान दर्ज

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष और बाघंबरी मठ के पूर्व महंत नरेंद्र गिरि की सुरक्षा में तैनात रहे मुख्य आरक्षी अजय कुमार सिंह की आय से अधिक संपत्ति के प्रकरण की पिछले 2 साल से चल रही जांच गति पकड़ने लगी है। मामले की 2021 में शिकायत करने वालीं एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर का मंगलवार को विवेचना करने वाले एसीओ के इंस्पेक्टर ने घर जाकर बयान दर्ज किया। डॉ नूतन ठाकुर ने विवेचना अधिकारी को सिपाही अजय कुमार सिंह के खिलाफ मिले सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों के साक्ष्य उपलब्ध कराए।बाघंबरी मठ के महंत नरेंद्र गिरि की मौत के बाद कौशांबी जनपद में पोस्टेड सिपाही अजय कुमार सिंह के रहन-सहन को लेकर विवाद छिड़ गया था। उसकी लग्जरी लाइफ को लेकर सवाल उठने लगे थे। इस संबंध में पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अमिताभ ठाकुर की पत्नी एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर ने 30 मई 2021 को सिपाही अजय कुमार सिंह की संपत्ति की जांच कराने के लिए डीजीपी से लेकर लोकायुक्त को शिकायती पत्र भेजा था।जिसमें एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर ने दावा किया था कि उन्हें दी गई जानकारी के अनुसार महंत नरेंद्र गिरि की सुरक्षा में तैनात सिपाही अजय सिंह के पास करोड़ों की सम्पत्ति है। जिसमें फार्च्यूनर, एक आल्टो कार एवं एक नई बुलेट शामिल है। डॉ नूतन ठाकुर ने सिपाही अजय कुमार की पत्नी की संपत्ति का भी विवरण शिकायती पत्र में दिया था, जिसके मुताबिक सिपाही अजय कुमार सिंह की पत्नी के नाम प्रयागराज में 5 अक्टूबर 2019 को 39 लाख 22 हजार रुपए और 10 अप्रैल 2014 को 22 लाख रुपए के दो फ्लैट खरीदे जाने का दावा किया था।इसके अलावा सिपाही द्वारा अपने पैतृक गांव में आलीशान मकान, प्रयागराज के नारीबारी में करोड़ों की जमीन और फ्लैट में 25 लाख रुपये का काम करवाने के आरोप हैं। डा. नूतन ने शिकायत में कहा है कि एक सिपाही की आमदनी के माध्यम से इतनी लग्जरियस लाइफ जीना कठिन है। सिपाही का लिविंग स्टैंडर्ड किसी बड़े धनाढ्य से कम नहीं है। उन्होंने इन तथ्यों की जांच कराये जाने की मांग की है। डॉ नूतन ठाकुर ने बताया उसी शिकायती पत्र की जांच चल रही है। मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन के इंस्पेक्टर ठाकुर दास ने डा. नूतन ठाकुर का उनके घर जाकर बयान दर्ज किया, जिसमें उन्होंने अपनी जानकारी के अनुसार समस्त तथ्य एवं साक्ष्य प्रस्तुत किए।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उलझी दरोगा की पत्नी की मौत की गुत्थी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धूमनगंज में आरपीएफ दरोगा की पत्नी पुष्पा देवी (48) की मौत की गुत्थी उलझ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी लगाने से मौत की बात सामने आई है। जबकि एक दिन पहले गला कसकर हत्या की आशंका जताई गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि धूमनगंज पुलिस के बयान के उलट परिजनों ने लाखों की नकदी व गहने गायब होने की बात बताई है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम सोमवार को दोपहर बाद हुआ। दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इस दौरान चौंकाने वाली बात सामने आई। पता चला कि मौत फांसी लगाने की वजह से हुई है। इसके अलावा शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले। नाक से खून बहने के कारण पर आशंका जताई जा रही है कि फांसी पर शव ज्यादा देर तक लटके रहने की वजह से ऐसा हुआ । अब बड़ा सवाल यह है कि अगर फांसी लगाने से मौत हुई तो शव को उतारकर चारपाई पर किसने रखा। गौरतलब है कि मौका मुआयना के बाद धूमनगंज पुलिस ने यही बताया था कि शव मकान के तीसरे तल पर बने कमरे में चारपाई पर मिला था। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने बताया कि सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

**शक के आधार पर पड़ोसी को कराया नामजद :** मृतका के पति निहाल सिंह ने शक के आधार पर पड़ोसी घनश्याम दुबे को नामजद किया है। आरोप लगाया है कि वह पूजा पाठ के नाम पर घर आया करता था। उसके अलावा किसी का आना जाना नहीं था। इसके अलावा बताया कि घर आने पर उन्होंने देखा कि आलमारियों में रखे नौ लाख के सोने-चांदी के गहने और 2.90 लाख की नकदी गायब थी। बताया कि दो महीने पहले ही उन्होंने छोटे बेटे की शादी की थी। शादी में कुछ पैसा बचा था, जिससे उधार चुकता करना था। वहीं, मौका मुआयना के बाद धूमनगंज पुलिस ने मोबाइल छोड़कर अन्य कोई सामान गायब न होने की बात कही थी। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने पड़ोसी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

**12 लाख का माल गायब, लूट न लगाई चोरी की धारा :** इस प्रकरण में धूमनगंज पुलिस की कार्रवाई भी सवालों के घेरे में है। दरअसल, वादी की ओर से नौ लाख के गहने व 2.90 लाख की नकदी गायब होने की बात तहरीर में लिखकर दी गई है। इसके बावजूद पुलिस ने इस मामले में केवल हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कराया। लूटपाट या चोरी की धारा नहीं लगाई। ऐसा क्यों किया गया, इस बाबत कोई बयान देर रात तक जारी नहीं किया गया।

# मेजा में नाबालिग से दुष्कर्म कर बनाया लिया वीडियो

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र में दुष्कर्म का वीडियो बनाकर नाबालिग से आठ माह तक पड़ोसी रेप करता रहा। किशोरी के गर्भवती होने पर बच्चा गिराने की दवा से हालत बिगड़ने पर मामले का खुलासा हुआ। पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पास्को अधिनियम, दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।मांडा थाना क्षेत्र की एक मोहल्ले की महिला ने थाने में तहरीर दी कि उसकी 17 वषीर्या बेटी घर से दूर रह रही अपनी दादी के पास प्रतिदिन जाती थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक ने बेटी को जबरन अपने साथ ले जाकर मुंह में कपड़ा ठूंसकर दुष्कर्म किया और विडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आठ माह तक लगातार दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान किशोरी के गर्भवती होने पर गर्भ गिराने की दवा दे दी, जिससे किशोरी की हालत बिगड़ने पर जब परिजन सीएचसी ले गए, तब मामले की जानकारी हुई। लंबे इलाज के बाद किशोरी की हालत सुधरी। किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पास्को अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में इंस्पेक्टर सुभाष सिंह यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी घर से फरार हैं। जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मेजा ऊर्जा निगम में विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली निकालकर किया जागरूक





अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम प्रा. लि. (एमयूएनपीएल) में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, परिवारजनों तथा सीआईएसएफ बल सदस्यों ने साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत, पर्यावरण शपथ के साथ हुई। तदोपरांत पर्यावरण जागरूकता रैली में लगभग तीन किलोमीटर की पदयात्रा के माध्यम से वृक्षारोपण, पॉलीथिन के उपयोग को बंद करने, जल संरक्षण एवं पर्यावरण को स्वच्छ और समृद्ध बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम सोपान पर पर्यावरण जागरूकता से संबन्धित नुक्कड़ नाटक , स्वांग रंग" संस्था प्रयागराज द्वारा प्रस्तुत कर पर्यावरण अनुकूल जीवन जीने संदेश किया गया।इस अवसर पर अपने संदेश में केदार रंजन पाण्डु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एमयूएनपीएल ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता के प्रति आम-जनमानस को अवगत कराया तथा पर्यावरण को स्वच्छ और समृद्ध रखने का सभी से आह्वान किया। कार्यक्रम में परियोजना के अन्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष, अपराजिता महिला समाज और अधिकारी संगठन (एन ई एम) के पदाधिकारी, सीआईएसएफ के सहायक समादेष्टा एवं बल सदस्यों के अतिरिक्त बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेईएम) के प्रतिभागी तथा भारी संख्या में ऊर्जा निगम के कर्मचारी, महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे।

# गोड़े में हुई जिला स्तरीय अखिल भारतीय शिक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा

## प्रयागराज व प्रतापगढ़ के माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया सहभाग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, गोड़े, प्रतापगढ़ में भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों के मध्य वित्तीय साक्षरता शिक्षा, जी 20, वित्तीय जागरूकता के संदर्भ में जिला स्तरीय अखिल भारतीय शिक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें प्रयागराज तथा प्रतापगढ़ के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के ब्लॉक स्तर पर प्रथम आए विद्यार्थियों ने सहभाग किया।

बता दें कि ब्लॉक स्तर पर चयनित प्रथम स्थान पर चयनित ग्रुप के विद्यार्थियों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ के तीन विद्यालयों के विद्यार्थी एवं प्रयागराज के तीन चयनित विद्यालयों के विद्यार्थियों की सामूहिक जनपद स्तरीय परीक्षा


परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थीगण।

भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी केके कौशल के मार्गदर्शन में संपादित की गई। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबंधक गोपाल शेखर झा, डीडीएम नाबार्ड बिजेंद्र कुमार, आसेर्टी के निदेशक जितेन्द्र प्रसाद सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य/शिक्षक डा शलिनी सिंह, अनिल कुमार निलय, राजेश यादव, जंघई से नीरज त्रिपाठी,उरुवा से प्रमोद कुमार शर्मा एवं आदर्श कुमार, जी आई सी प्रयागराज से अभिभावक आरती शर्मा और रमेश कुमार यादव सहित संजीव कुमार, शान्तनु शेखर सिंह, अमृता दुबे, बबीता सिंह आदि की उपस्थिति रही। वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ के अधिकारी किशोर कौशल एवं आनंद कुमार ने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया। उनके साथ जिले के वित्तीय साक्षरता के नोडल अधिकारी एवं वित्तीय साक्षरता एवं ऋण समन्वयक शिशिर खरे ने क्विज मास्टर के रूप में योगदान किया।

प्रत्येक टीम में दो-दो प्रतिभागी सम्मिलित हुए। परीक्षा में प्रतापगढ़ जनपद से राजकीय बालिका इंटर कालेज शीतलपट्टी, राजकीय उमावि सराय आनादेव, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने सहभाग किया। प्रतियोगिता में प्रयागराज से पं.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, समइन, उरुवा, प्रयागराज के अनंत शर्मा और अमन यादव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज के पीयूष और आयुष शर्मा को तथा तृतीय स्थान पर राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, सराय आनादेव, प्रतापगढ़ की सारा सिंह व अलका श्रीवास्तव को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में जीजीआईसी प्रतापगढ़ तथा राजकीय बालिका इंटर कालेज शीतलपट्टी भी सम्मलित हुये। आरबीआई लखनऊ के नोडल अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में स्कूली छात्र छात्राओं के लिए वित्तीय शिक्षा महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें जीवन भर सही वित्तीय निर्णय लेने के लिए आवश्यक जानकारी और वित्तीय जागरुकता की आवश्यकता है। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर तथा जनपद स्तर पर चयनित प्रथम द्वितीय तृतीय विद्यार्थियों सहित समस्त प्रतिभागी बच्चों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रमाण पत्र, शील्ड, जर्सी और कॉलेज बैग देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

# नए डीएम प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव ने कार्यभार संभाला

## सभी के सहयोग से बेहतर कार्य करने का होगा प्रयास


जिले का पदभार ग्रहण करते नवागत जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के नये जिलाधिकारी प्रकाष चंद्र श्रीवास्तव ने आज जिले का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके बाद पत्रकारों से जिला कचहरी में रुबरु हुए। प्रतापगढ़ के नये डीएम प्रकाष चंद्र श्रीवास्तव पहले भी यहां के एडीएम रह चुके हैं, इसलिये वह नेताओं, अधिवक्ताओं व पत्रकारों से परिचित भी हैं।

आज प्रतापगढ़ पहुंचने पर नये डीएम प्रकाष चंद्र श्रीवास्तव ने बेल्हा देवी मंदिर जाकर दर्षन पूजन किया। इसके बाद जिलाधिकारी का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि वह जिले में सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखने का प्रयास करेंगे तथा कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। नये जिलाधिकारी ने पत्रकारों व अधिवक्ताओं के सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि हम सब मिलकर जिले को अपराधमुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच से ही लोग आगे बढ़ते हैं। प्रारंभ में अधिकारियों व कर्मचारियों ने नए डीएम का स्वागत किया। पत्रकारवार्ता में एडीएम त्रिभुवन विष्वकर्मा भी मौजूद रहे।

## आवास के नाम पर गरीब महिला से तीस हजार हड़पे

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आवास दिलाने के नाम पर ग्राम प्रधान ने एक महिला से दो किस्तों में कुल तीस हजार रुपए हड़प लिए। पीड़ित महिला ने मुख्य विकास अधिकारी को इस संबंध में प्रार्थना पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी तहसील क्षेत्र के अलीपुर गांव की रहने वाली सुनीता पत्नी राम नारायण ने बताया कि वह एक गरीब महिला है फरवरी माह में ग्राम प्रधान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए उससे बीस हजार की मांग की गई। महिला को बताया गया कि यह पैसा उच्च अधिकारी लेंगे। पीड़ित महिला ने पैसे दे दिए उसके बाद प्रधान द्वारा कुछ दिन बाद फिर से दस हजार रुपए की मांग की गई। वह पैसा देने के बाद जब महिला ने आवास की बात कही तो ग्राम प्रधान बात को टरकाने लगा। पीड़ित महिला ने इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# धर्मेंद्र पर हुई कार्रवाई सही या कोतवाल की जांच रिपोर्ट

## वायरल वीडियो में अभद्रता के लगे आरोप, जांच रिपोर्ट से अलग हुई कार्रवाई

### कटरा बलीपुर भूमि विवाद का है मामला

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस द्वारा की गई अभद्रता के वायरल वीडियो में हुई कार्रवाई को सही माना जाए या फिर कोतवाल की जांच रिपोर्ट? कोतवाल की जांच रिपोर्ट ने मौके पर गए दोनो पुलिस को बेदाग साबित कर दिया। वहीं कुछ दिन बाद एक दूसरे सिपाही पर कार्रवाई कर दी जाती है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कटरा बलीपुर निवासी भाईलाल पटेल व मुरला देवी के बीच भूमि विवाद चल रहा है। मुरला देवी की शिकायत पर 28 मई को एक दरोगा व एक सिपाही मौके पर गए हुए थे। एक पक्ष का आरोप था की पुलिस उनके साथ अभद्रता की। मामले का जब पीड़ित पक्ष ने वीडियो बनाना शुरू किया तो उसके साथ मारपीट के साथ पुलिस ने गाली-गलौज की। पुलिस के इस कारनामे को किसी ने सोशल मीडिया पर डाल दिया। अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच बैठा दिया। वायरल वीडियो की जांच कर रहे कोतवाल कमलेश पाल ने एसआई अनीश कुमार व सिपाही मोरध्वज को मौके पर जांच हेतु भेजे जाने की पुष्टि की, लेकिन वायरल वीडियो में किसी प्रकार की अभद्रता की पुष्टि न होने का दावा करते हुए दरोगा व सिपाही को क्लीनचिट देकर एसपी को जांच रिपोर्ट भेज दी। कोतवाल द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट में अनीश व मोरध्वज के मौके पर जाने की पुष्टि की गई है। अब इस दशा में कोतवाल की जांच रिपोर्ट को सही माना जाए तो सिपाही धर्मेंद्र के साथ हुई कार्रवाई को क्या कहे? कार्रवाई व जांच रिपोर्ट में भिन्नता को लेकर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में कोतवाल से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई जबाब नहीं दिया।

### दरोगा की दबंगई पर पर्दा डाल रहे है जिम्मेदार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय दरोगा अनीश कुमार अक्सर अपने दबंग स्वभाव से चर्चा में बने रहते है लेकिन पुलिस अधिकारी किसी अन्य पर कार्रवाई कर जांच की खानापूर्ति करके किसी न किसी तरह दरोगा को बेदाग साबित कर ही देते हैं। चाहे वह उधरनपुर में सरकारी शीशम के हरे पेड़ का मामला हो या फिर पूरे गनेश भदारी कला निवासी सुनील यादव के साथ मारपीट और अभद्रता का हो। एक मामला शांत नहीं होता है कि दूसरा मामला सामने आ ही जाता है। अभी 28 मई को वायरल वीडियो में भी दरोगा की दबंगई देखने को मिली।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थी से धनउगाही का आरोप, डीएम से हुई शिकायत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अर्न्तगत लाभार्थी से अवैध रूप से धन उगाही के मामले को लेकर पीडित लाभार्थी ने प्रधानपति के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत की है।

विकासखण्ड सांगीपुर अर्न्तगत देउम पश्चिम गांव निवासी कन्हैयालाल गौड पुत्र शंकर ने जिलाधिकारी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना का पात्र लाभार्थी है। पात्रता के आधार पर उसे सरकारी आवास का आवंटन किया गया। पीडित का आरोप है कि आवास योजनान्तर्गत खाते में आये धनराशि को निकालने के लिए प्रधानपति ने उसे बैंक पासबुक के साथ फोन करके बुलाया।

बैंक में खाते से आवास की धनराशि निकालने के बाद प्रधान प्रतिनिधि ने उसमें से जबरन बीस हजार रुपए ले लिया। पीड़ित के विरोध करने पर प्रधान प्रतिनिधि ने बीडीओ जेई व ग्राम पंचायत अधिकारी को सुविधा शुल्क देने की बात बतायी। पीडित का कहना है कि आवास योजना में मिली शेष धनराशि से आवास की दीवार बन गयी है लेकिन प्रधान प्रतिनिधि द्वारा सुविधा शुल्क के नाम पर बीस हजार रुपए ले लेने से मकान की छत नहीं बन पा रही है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि प्रधान प्रतिनिधि ने मामले की शिकायत पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। मामले में जिलाधिकारी ने बीडीओ ने जांच आख्या तलब की है।

# सप्लाई पाइप लाइन खराब होने से पानी के लिए मचा हाहाकार

## 15 दिनों से ग्रामवासी पानी के लिए इधर उधर भटक रहे

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कमिश्नर के लिए गोद लिए गांव में 15 दिनों से पानी की पाइप लाइन भस्ट होनें से ग्रामवासी पानी के लिये दर दर भटक रहे है जिसके चलते ग्रामीणो मे आक्रोश है। मालूम हो कि जल निगम द्वारा घर घर पानी की सप्लाई के लिए गड्ढा खोद कर पाइप लाइन डाला गया है जो लीकेज हो जाने के कारण हिनाहु लालसिंह का पुरवा व कालाकांकर के ग्रामवासियों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

किसी तरह ग्रामवासी लोग एक दूसरे के घर से पानी मांग कर घर का खाना व प्यास बुझा रहे हैं। पाइप लाइन भस्ट हुए लगभग 15 दिन बीत गये लेकिन अभी जलनिगम जेई कालाकांकर अभी तक पानी की भस्ट पाइप लाइन को ठीक नही कर सके जिससे पानी की सप्लाई वाले गावो मे पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। आक्रोशित ग्रामीणो ने बताया कि जल निगम विभाग इस ओर से


पानी लेने के लिये लगी लोगों की भीड़।

बिलकुल अंजान बना हुआ है जब कि कमिश्नर के गोद लिए गांव कालाकांकर मोहमदाबाद उपरहार को कमिश्नर ने गोद लिया है फिर भी अधिकारियो को तनिक भी परवाह नही है कि इतनी भीषण गर्मी मे ग्रामवासी पानी के लिए ब्याकुल हो रहे है। ग्रामवासी राधेश्याम गुप्ता उर्फ. गोलू, रवि जायसवाल, रवींद्र जायसवाल, पिंटू शुभम गुप्ता, धुन्नी लाल धुरिया आदि लोगों ने जिलाधिकारी सीडीओ का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## खाता संचालन को लेकर उपभोक्ता व ब्रांच मैनेजर से हुई नोंकझोंक, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खाते के संचालन को लेकर बैंक आये उपभोक्ता के साथ ब्रांच मैनेजर से नोंकझोंक हो गयी। मामले में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के कन्धई पाण्डेय का पुरवा निवासी जितेन्द्र कुमार शुक्ल पुत्र बजरंग प्रसाद शुक्ल राजापुर बाजार स्थित बैंक आफ इण्डिया में खाताधारक है। जितेन्द्र के अनुसार वह सोमवार को पैसा निकालने के लिए बैंक आये थे। यहां केवाईसी अपडेट को लेकर ब्रांच मैनेजर बेवजह अभद्रता करते हुए विवाद करने लगे। यह भी आरोप है कि ब्रांच मैनेजर ने पीडित का मोबाइल छीनकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया और धक्का देकर बैंक से बाहर निकाल दिया। इधर ब्रांच मैनेजर मोहन यादव का कहना है कि केवाईसी अपडेट की जानकारी देने के दौरान खाताधारक जितेन्द्र वीडियो बनाने लगे। मना करने पर मारपीट पर आमदा हो गये।

# पर्यावरण विज्ञान का पहला इग्नू केन्द्र बना प्रतापगढ़

## एमडीपीजी कालेज में शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के क्षेत्रीय निदेशक डॉ यूएन त्रिपाठी आनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे जिन्होंने बताया कि इग्नू मुख्यालय दिल्ली द्वारा एमएससी पर्यावरण विज्ञान कोर्स के संचालन के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ को चुना गया है। एमएससी पर्यावरण में यह अध्ययन केंद्र उत्तर प्रदेश का पहला इग्नू केंद्र होगा।

उन्होंने इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ को बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरण विज्ञान पाठ्यक्रम विज्ञान के क्षेत्र में एक उन्नत पाठ्यक्रम है जो हमें वर्तमान दुनिया में पर्यावरणीय मुद्दों से अवगत कराता है। एमएससी पर्यावरण विज्ञान को आगे बढ़ाने के इच्छुक छात्र पर्यावरण के



एमडीपीजी कालेज में आयोजित शिविर में मौजूद प्राचार्य व अन्य।

जैविक, भौतिक और रासायनिक तत्वों की पूरी समझ हासिल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज मिश्र ने कहा कि इस शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्रदान कराना, जागरूकता पैदा करना, चिंतन का एक दृष्टिकोण पैदा करना और पर्यावरणीय चुनौतियों को नियंत्रित करने के आवश्यक कौशल को प्रदान करना है। इग्नू प्रतापगढ़ के समन्वयक डा अभिषेक सिंह ने बताया की विज्ञान के किसी भी क्षेत्र से स्नातक किया हुआ छात्र पर्यावरण विज्ञान में एमएससी कर सकता है। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी एवं वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ सीएन पांडे ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण मानव जीवन पर संकट उत्पन्न हो रहा है। कार्यक्रम में इग्नू के काउंसलर डा अरविंद मिश्र, डा किरण मिश्रा, प्राणी विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा अमिता मिश्रा, डॉ डी के पांडे, विजय पांडेय, अयूब खान एवं रोहन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत प्राचार्य ने विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण भी किया।

# पौधरोपण से ही पर्यावरण व जीवन बचाया जा सकता हैः एसडीएम सदर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल के पदाधिकारियों ने क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में पौधरोपण/पौध वितरण की शुरूआत की। सुबह हनुमान मंदिर तालाब के किनारे आम, अशोक, कदम आदि के पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया गया।

इसके पश्चात क्लब ने पौधरोपण भी किया क्लब ने अभियान को और बढ़ाते हुए जिला स्टेडियम प्रतापगढ़ में पूनम लता क्रीडाअधिकारी के संयोजन में रोशनलाल उमरवैश्य के सौजन्य से और एसडीएम सदर शैलेंद्र


जिला स्टेडियम में पौधरोपण करते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

वर्मा के मुख्य अतिथ्य में स्टेडियम परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया जिसमें स्टेडियम के उपक्रीड़ा अधिकारी अभिज्ञान मालवीय है, वॉलीबॉल कोच साधना सिंह, हॉकी प्रशिक्षक शशि, बैडमिंटन खिलाड़ी राजेंद्र श्रीवास्तव, स्टेडियम के सारे प्रशिक्षक व खिलाड़ी उपस्थित रहे। बड़े पैमाने पर पौधरोपण व खिलाड़ियों को पौध वितरण किया। पौधरोपड़/पौध वितरण करते हुए मुख्य अतिथि एसडीएम सदर ने कहा कि पौधरोपण से ही पर्यावरण व जीवन बचाया जा सकता है। इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि वृक्षों से निकलने वाली ऑक्सीजन से हमारी सांसे चलती हैं जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रहता है। इस अवसर पर क्रीडा अधिकारी पूनम लता राज ने कहा कि क्लब हर वर्ष यह अभियान स्टेडियम में चलाता आ रहा है। इस अवसर पर आदित्य शुक्ला, वन विभाग से आशीष सिंह, अशोक अग्रवाल, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार, प्रशांत पांडे, सौरभ पांडे, आदर्श कुमार,शनि तिवारी आदि मौजूद रहे।

# विकास की प्राथमिकता के साथ नगर को स्वच्छ बनाने की अपील

## पट्टी नगर पंचायत की पहली बैठक सम्पन्न


नगर पंचायत पट्टी की बैठक में मौजूद नगर अध्यक्ष व सभासदगण।

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सभी सभासदों की मौजूदगी में मंगलवार को पट्टी नगर पंचायत की पहली बैठक संपन्न हुई, जिसमें सभी सभासद मौजूद रहे। बैठक में विकास को प्राथमिकता देते हुए नगर अध्यक्ष ने नगर को स्वच्छ व साफ बनाने की अपील किया।

पट्टी नगर पंचायत में नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय पर नगर की पहली बैठक संपन्न हुई, जिसमें सभी नव निर्वाचित सभासदों के बीच में नगर के विकास के संबंध में चर्चा की गई। अधिशासी अभियंता मनोज प्रियदर्शी की उपस्थिति में नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि सभी वार्डो का समुचित विकास पारदर्शी व गुणवत्तापूर्वक किया जाएगा, उन्होंने सभी सभासदो से अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए वार्ड का विकास करने की अपील की तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

बैठक में नवनिर्वाचित सभासद शाहीन बानो, सरिता देवी, ब्रह्मदेव सिंह, संतोष कुमार, अतुल सिंह, रामचरित्र वर्मा, उषा देवी ,सतनारायण जायसवाल रजनीश मौर्य, सुनीता देवी उपस्थित रहे। सभी कार्यों का लेखा-जोखा लेते हुए मनोज प्रियदर्शी ने भी प्रत्येक कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन सभासद रामचरित्र वर्मा ने किया।

## नवसृजित रामगंज नगर पंचायत की पहली बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार को नवसृजित नगर पंचायत रामगंज की पहली बैठक नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विकास की प्राथमिकता देते हुए सभी वार्डों का बिना भेदभाव के पारदर्शी तरीके से विकास करने की बात नगर अध्यक्ष ने राकेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने वार्ड के सभी सभासदों की समस्याओं को सुनकर उसका जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। रामगंज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ज्योतिमा सिंह की उपस्थिति में बैठक की शुरूआत हुई। वार्ड नंबर 12 के सभासद अजय कुमार सिंह ने नगर पंचायत में पशु चिकित्सालय का मुद्दा उठाया और कहा कि अभी तक किसी भी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हुई है। मौजूद सभासदों ने नाली खड़ंजा सामूहिक विवाह घर, जल निकासी सहित कई मुद्दे रखें। नगर पंचायत की बैठक में सभासद यशोदा देवी अर्चना विवेक कुमार, प्रशांत कुमार, विनय पांडे, अजय सिंह, संतोष यादव, आरती गिरी, सोनी यादव, रामधनी, सुमन मिश्रा, कन्हैया लाल सरोज सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता राम उजागिर सिंह ने किया।

## छापेमारी कर आबकारी टीम ने नष्ट कराया पचपन लीटर शराब व दो कुन्तल लहन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर सोमवार को लालगंज सर्किल में अभियान चलाकर बड़े पैमाने पर शराब व लहन की बरामदगी की गयी है। वहीं आबकारी टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। आबकारी टीम ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक प्रवीण यादव व आनन्द शुक्ला के नेतृत्व में लीलापुर थानान्तर्गत हण्डौर में छापेमारी करके पैंतीस लीटर अवैध कच्ची शराब व दो कुन्तल लहन की बरामदगी की गयी है। आबकारी टीम द्वारा बरामद किये गये लहन व शराब को नष्ट कराया गया। आरोपियो के खिलाफ थाने मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसी तरह आबकारी टीम ने सांगीपुर थाना के ककोरिहा गोड़वा में छापेमारी करके बीस लीटर अवैध शराब बरामद किया।

## खबर संक्षेप

### 07 भैंस पड़वा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान तीन अभियुक्तों महाजन प्रजापति पुत्र भुरइया निवासी रायपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट नदीम पुत्र सगीर अहमद निवासी पुरौनी थाना पिपरी व कलीम पुत्र मो० हामिद निवासी उमरी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को पुनवार चौराहे से एक अदद वाहन पिकअप ( यूपी 96 टी. 3872 ) में 07 राशि भैंस/पड़वा को क्रूरता पूर्वक लादकर परिवहन करने पर गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है

### निरोधात्मक कार्यवाही में 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना कौशाम्बी से एक थाना पिंपरी से छः कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया

# अतीक के शार्प शूटर अब्दुल कवि की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद किया असलहों का जखीरा

**10 अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 10 अवैध देशी तमंचा 12 बोर, 01 रिवाल्वर 32 बोर,66 जिन्दा कारतूस 315 बोर,22 जिन्दा करातूस 12 बोर और 25 अदद देशी बम बरामद**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** प्रयागराज जिले के बहुचर्चित तत्कालीन विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी और अतीक अहमद के शार्प शूटर अब्दुल कवि की पुलिस को मिली 36 घंटे की रिमांड के दौरान सरायअकिल थाना पुलिस अब्दुल कवि को लखनऊ से रिमांड पर लेकर रविवार को कौशाम्बी पहुंची थी। पुलिस ने अब्दुल कवि को लेकर यमुना की तराई में कई स्थानों पर छापेमारी की,पुलिस को अब्दुल कवि की निशानदेही पर बोरी में भरकर जमीन के अंदर दबाया हुआ कई अवैध तमंचा,रिवाल्वर,कारतूस और देशी बम बरामद हुआ है। पुलिस ने अब्दुल कवि की निशानदेही पर 10 अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 10 अवैध देशी तमंचा 12 बोर, 01 रिवाल्वर 32 बोर,66 जिन्दा कारतूस 315 बोर,22 जिन्दा करातूस 12 बोर और 25 अदद देशी बम बरामद किया है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अब्दुल कवि को 36 घंटे की रिमांड पर लाया गया था,वह मृतक माफिया अतीक का बेहद करीबी रहा है, उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कई अवैध तमंचा,रिवाल्वर,कई जिंदा कारतूस और देशी बम बरामद किया है।लिखापढ़ी कर अब्दुल कवि को जेल में दाखिल कर दिया गया है।

### नलिहाल में रह रही किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ किशोरी की हुई मौत

**कौशाम्बी।** जिले में ननिहाल में रह रही किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल से कब्जे में लेकर पीएम को भेजा। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के मझियावां की है जहा महेवाघाट थाना इलाके के परसिद्धपुर निवासी जगदीश सरोज की ससुराल है। जगदीश की माली हालत ठीक ठाक नही थी इसी के चलते उसकी 14 वर्षीय बेटी नेहा बचपन से ही अपने ननिहाल मझियावां गाँव में रह रही थी। सोमवार की दोपहर किसी कारण को लेकर नेहा ने खुद को कमरे में बंदकर जहरीला पदार्थ खा लिया। घर वालों को जब यह जानकारी हुई तो किसी तरह कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया,जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। किशोरी के मौत की सूचना पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी करके पीएम को भेजा। किशोरी की मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पूरे मामले में इंस्पेक्टर कोखराज विनोद मौर्या का कहना है कि किशोरी की मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मौत कैसे हुई है पीएम रिपोर्टआने के बाद इसकी जानकारी हो पायेगी।

## न्यूज झरोखा

### शादी के टेंट में विधुत करंट आने से बालक की मौत



**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में लगाए गए टेंट के पंडाल में विद्युत करंट उतर आने से उसकी चपेट में आए एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई है बालक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है आनन-फानन में बालक को लेकर लोग जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव में सोमवार की रात बच्ची लाल के लड़के की शादी थी शादी में खोजवा पुर के गांव के लोगों ने टेंट पांडाल वा बिजली का सामान लगाया था बिजली की वायरिंग लगाने में लापरवाही के चलते टेंट पांडाल के पाइप लाइन में बिधुत करंट उतर आया गांव का शीनू उम्र 12 वर्ष पुत्र रामसिंह पासी दावत में शामिल था और आधी रात को अचानक पाइप में उतरे विद्युत करंट की चपेट में शीनू आ गया और करंट के झटके से वह तड़पने लगा जब तक लोग कुछ समझ पाते बालक शीनू की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई लेकिन लोगों ने विश्वास नहीं किया और बालक शीनू को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हीट स्ट्रोक से सीबीएसई की हाईस्कूल की छात्रा की मौत, परिजनों में कोहराम



**कौशाम्बी।** जिले में गर्म मौसम की मार शुरू हो गई है, हीट वेव ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है।जिसके चलते हाईस्कूल में पढ़ने वाली छात्रा की मौत हो गई।अक्षिता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। चरवा थाना क्षेत्र के काजू की अक्षिता सिंह उम्र लगभग 15 वर्ष पुत्री शिव शंकर सिंह एक सीबीएसई कालेज में हाईस्कूल की छात्रा थी,वह सोमवार को स्कूटी से अपनी बहन को मूरतगंज में स्थित विश्वनाथ डिग्री कालेज में परीक्षा दिलाने गई थी,जहा उसे दिन भर बाहर रहने पर लू लग गई,परीक्षा दिलाकर वहा वापस आ गई और देर रात उसे उल्टी आनी शुरू हुई तो परिजन उसे अस्पताल ले गए जहा उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। अक्षिता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।अक्षिता कालेज में एक अच्छी पढ़ाई करने वाली छात्रा थी,कालेज के अध्यापक एवम स्टाफ ने अक्षिता के घर पर पहुंचकर परिजनो को सांत्वना दी।

### साप्ताहिक परेड की सलामी के दौरान एएसपी ने भोजन की गुणवत्ता को परखा



कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी साथ ही सभी जवानों से शस्त्राभ्यास भी कराया गया तथा क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द का निरीक्षण किया गया एवं समस्त शाखाओं, कैंटीन, पीआरवी वाहनों, डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं जिम का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए गए एवं भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### विद्यालय परिसर में शिक्षक ने किया पौधारोपण



**भरवारी कौशाम्बी** विश्व पर्यावरण दिवस पर धरती को हरा-भरा करने के मकसद से बीआरसी मूरत गंज के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षक धीरज यादव द्वारा स्कूल परिसर में अधादर्जन पौध रोपण किया और पौधों से होने वाले लाभ के बारे में छात्रों को बताया गया उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह पौधरोपण करके पर्यावरण का संतुलन बनाए रखें उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए वृक्ष बहुत उपयोगी हैं और पौधे लगाने के बाद यह वृक्ष बनकर तैयार होते हैं इस अवसर पर तमाम छात्र मौजूद रहे

### गौ माता की पूजा कर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**भरवारी कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर नगर पालिका परिषद भरवारी की चेयरमैन कविता पासी ने गौ माता की पूजा कर उनका जन्मदिन मनाया है नगर पालिका परिषद भरवारी के चेयरमैन कविता पासी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन सोमवार को कान्हा गौशाला मूरतगंज पहुंची और उन्होंने गौ माता की पूजा करने के बाद गौमाता को गुड़ चना फल आदि खिलाकर मुख्यमंत्री के जन्मदिन की उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है इस मौके पर मौजूद अधिशासी अधिकारी को उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा है कि वह गौ संरक्षण केंद्र की संपूर्ण सुरक्षा एवं संरक्षण की व्यवस्था सुचारू रूप से देखें उन्होंने अधिशासी अधिकारी से स्पष्ट शब्दों में कहा कि गौ संरक्षण केंद्र में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर नगर पालिका परिषद भरवारी की चेयरमैन कविता पासी के निजी आवास चमरूपुर भरवारी स्थित कार्यालय में भाजपा पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस मनाया उनके चित्र को मिठाई खिलाई गयी और उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया

### लक्जरी वाहन की टक्कर से मोपेड सवार घायल,अस्पताल में भर्ती

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के सैनी कोल्ड स्टोर के पास मोपेड सवार वृद्ध को लक्जरी कार सवार ने टक्कर मार दी जिससे बृद्ध घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रामलखन उम्र तकरीबन 60 वर्ष निवासी फरीदा गंज कड़ा धाम आज मंगलवार सुबह अपनी मोपेड से नगर पंचायत अझुवा के पास स्थित संकरा बाबा दर्शन को जा रहा था,वृद्ध त्रिलोक पुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग अंडर पास से निकल कर सड़क पर आ रहा था तभी तेजरफ्तार लक्जरी वाहन ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध मोपेड सहित सड़क पर गिर गया जिससे उसके पैर में गम्भीर चोट लग गयी मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एम्बुलेंस से उसे अस्पताल को भेज दिया है।

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही :**
कौशाम्बी जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 175 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया।

# थाना स्तर पर ही समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण प्राथमिकता पर निस्तारण कराना करे सुनिश्चित करें : एसपी

अखंड भारत संदेश

पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनी जनसुनवाई




**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए है उन्होंने सभी थानेदारों को निर्देश दिया कि जिन मामलों का निपटारा थाना स्तर पर हो सकता है उन मामलों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण थाना स्तर पर ही करें। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/ शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## दोपहर में घर से बाहर निकलने से बचें

### लू वाली गर्मी से लोग बचें, पहचाने लक्षण और बरतें

**कौशाम्बी।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुषेंद्र कुमार ने बताया कि हीटवेव यानि लू शरीर के लिए कई बार घातक हो सकती है। धूप/लू में बाहर निकलने से बचें। खासतौर पर दोपहर में घर से बाहर निकलने से बचें। गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम, पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती है। काले परदे लगाकर रखना चाहिए। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प से कमजोरी, चक्कर आना, सर दर्द, उबकाई, ज्यादा पसीना आना, बेहोशी आना आदि संभव है। लू लगने के लक्षण महसूस होते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं।
**आपदा संबंधी सहायता के लिए निम्न नम्बरो पर सम्पर्क कर सकते हैं** : एम्बुलेंस 108, पुलिस -112, जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर कौशाम्बी कंट्रोल रूम. नंबर 9569751557 बचाव के लिए-हाईड्रेट रहें। लू से बचाव के लिए हाइड्रेट रहे यानी शरीर में पानी की कमी से बचें, इसके लिए अधिक से अधिक पानी पिएं। यात्रा करते समय पानी का प्रयोग ज्यादा करें। ओ.आर.एस., घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें। जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों जैसे खरबूजा, संतरे, अंगूर, खीरा, ककड़ी एवं सलाद पत्ता आदि का प्रयोग करें एवं शरीर को ढककर रखें। हल्के रंग के पसीना सोखने वाले हल्के कपड़े पहने, धूप के चश्मे, छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग करे, जो व्यक्ति खुले में कार्य करते हैं तो सर, चेहरा हाथ पैर को कपड़ों से ढक कर रखें तथा छाते का प्रयोग करें। अधिक से अधिक समय घर या कार्यालय के अंदर ही बितायें।
**हमेशा हवादार स्थान पर रहें** : सूर्य की सीधी रोशनी तथा गर्म हवा को रोकने का उचित प्रबंध करें, अपने घरों को ठंडा रखें। दिन में खिड़कियां, पर्दे तथा दरवाजे बंद रखें। विशेषकर घर तथा कार्यालय के उन जगहों पर जहां सूरज की सीधी रोशनी पड़ती हो।
**यह न करें** : उन्होंने कहा कि लू से बचाव के प्रति सचेत करते हुए कहा कि अधिक गर्मी वाले समय में विशेषकर 12 से 3 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। नंगे पैर बाहर न निकलें, अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के प्रयोग से यथासंभव बचें। बासी भोजन का प्रयोग न करें, बच्चों तथा पालतू जानवरों को खड़ी गाड़ियों में न छोड़ें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। रसोई वाले स्थान को ठंडा करने के लिए दरवाजे खिड़कियां खोल दें। शराब, चाय, काफी, कार्बोनेटेड, सॉफ्ट ड्रिंक आदि के प्रयोग करने से बचें, यह शरीर में निर्जलीकरण करते हैं।

## कबीर आश्रम की जमीन पर चौकीदार के बल पर दबंग कर रहे कब्जा

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के हकीमपुर गांव निवासी शिव कुमारी पत्नी राजकरण सिंह लोधी ने रकसवारा गांव निवासी इरशाद काजिम पुत्र समीम काजिम से रकबा नंबर 437 व 436 में उनके हिस्से के जमीन को 30,000 रुपए में 2 साल पहले कबीर आश्रम के लिए खरीदा था और वही दूसरे हिस्सेदार अम्मार काजिम पुत्र इकबाल काजिम गांव निवासी रकसवारा ने कबीर आश्रम बनाने के लिए अपने हिस्से की जमीन कबीर आश्रम के नाम पर दान कर दिया जिसका बैनामा भी किया है गाटा संख्या 436 व 437 के सभी सह खाताधारकों का किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है लेकिन पुलिस प्रशासन के बल पर थाने में चौकीदार होने के नाते गांव का चौकीदार अमृतलाल पासी अपने परिवार के लोगों को अपने दबंगई के बल पर कबीर आश्रम की पड़ी हुई जमीन को अवैध रूप से अवैध निर्माण करा रहा है जबकि उसी स्थान पर पुलिस की चौकी बन रही थी तो भुक्तभोगी ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने तत्काल मामले को संज्ञान लेते हुए वहां पर चौकी बनाने से मना कर दिया अब पुलिस चौकी वहां पर नहीं बन रही है लेकिन वहीं पर पुलिस प्रशासन के बल पर दबंग चौकीदार अपने दबंगई के बल पर अपने परिवार के लोगों से अवैध कब्जा करवा रहा है भुक्तभोगी जब मना करने गया तो दबंगों ने भुक्तभोगी को फावड़ा और लाठी लेकर दौड़ा लिए भुक्तभोगी वहां से भाग खड़ा हुआ और दबंगों के डर के कारण 3 दिन से गांव नहीं जा रहा है वही भुक्तभोगी की पत्नी ने दबंगों के द्वारा अवैध निर्माण रोकने के लिए गई तो दबंग चौकीदार ने पुलिस से शिकायत कर भुक्तभोगी की पत्नी और मंगलदास की पत्नी को गिरफ्तार कर 12:00 बजे रात तक चौकी पर बैठाए रहे 12:00 बजे रात्रि के बाद चौकी इंचार्ज ने दोनों महिलाओं को छोड़ा अखियां कहां का संविधान है कि पति घर पर ना हो और पुलिस पत्नी को गिरफ्तार कर चौकी पर बैठाए यह बात किसी को हजम नहीं हो पा रही है इससे पुलिस पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है आखिर उन महिलाओं को क्यों गिरफ्तार किया और 12:00 बजे रात के बाद महिलाओं को छोड़ा।

### दुष्कर्म के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त काजल उर्फ विवेक कुमार पुत्र अनिल कुमार सिंह निवासी कोटिया का पूरा थाना सरांय अकिल को कटनी मोड बेनीराम कटरा व राहुल सरोज पुत्र राम सवारे निवासी जुगराजपुर थाना सराय अकिल से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मुस्लिम उर्फ फुलझार पुत्र सिद्धू निवासी गनसरी थाना संदीपनघाट को मेला बाग इमामगंज के पास से 1000 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

# सियालदह से अजमेर जा रही 12987 एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

अखंड भारत संदेश

आग लगने के बाद भरवारी स्टेशन पर यात्रियों में मची अफरा तफरी




**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे क्रासिंग पर तेज रफ्तार अजमेर सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन के अचानक रुकने से हड़कंप मच गया, सियालदह से अजमेर जा रही 12987 एक्सप्रेस ट्रेन में शॉर्ट सर्किट से जनरल बोगी में आग लग गई थी,आग देख कर यात्रियों में अफरा तफरी मच गई, आग लगने की सूचना पर ट्रेन को चेन पुलिंग कर रोक लिया गया ,ट्रेन के रुकते ही यात्री खिड़की ,दरवाजे से कूदने लगे और भागने लगे,सूचना पर पूछे रेल कर्मचारी आग बुझाने में जुट गए।लगभग आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया और ट्रेन को लगभग 45 मिनट बाद रवाना कर दिया गया। ट्रेन के पीछे से तीसरे बोगी में लगी आग को बुझाने के लिए रेल कर्मचारी पहुंचे और आग पर काबू पा लिया गया।आग से हालांकि की किसी को कोई क्षति नही हुई है। यात्रियों को दोबारा ट्रेन में बैठकर लगभग 45 मिनट के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया।एक बड़ा ट्रेन हादसा होते होते बच गया।

# जय गुरुदेव सत्संग एवं भंडारे का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** नगर पालिका मंझनपुर के वार्ड नंबर 11 सरदार भगत सिंह नगर में लवलेश कुमार यादव के यहां जय गुरुदेव आश्रम मथुरा के द्वारा सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया सत्संग में वक्ता ब्रह्म दीन यादव ने कहा कि पृथ्वी पर अन्न देवता से बढ़कर कोई देवता नहीं है अन्न देवता हमारे शरीर के प्राण रक्षक हैं अन्न देवता का हम सम्मान करें बड़े मेहनत के बाद धरती मां अन्न देती हैं वह अन्न को हम बेकार न करें भोजन करते समय अन्न देवता को नमस्कार करके भोजन ग्रहण करें और अन्न देवता को नाली और रास्तों पर न फेंके क्योंकि अन्न देवता का अपमान करने से भुखमरी आती है जिससे लोग त्राहि-त्राहि करते हैं इसी तरह से जल के बगैर जीवन बेकार है बिना जल के कोई भी प्राणी नहीं रह सकता है जल का दुरुपयोग न करें वक्ता ने कहा कि जब महाभारत का युद्ध समाप्त हो गया तो पांचो पांडव द्रौपदी के साथ सरसैया पर लेटे भीष्म पितामह के पास गए और पूछा कि हे पितामह हमें बताएं कि राजा को क्या करना चाहिए भीष्म पितामह ने कहा कि सर्वप्रथम राजा को चाहिए कि राजा के सामने यदि कोई किसी को परेशान करता है तो उस पर राजा को निष्पक्ष रूप से न्याय करना चाहिए वहीं पर खड़ी द्रोपदी हंसने लगी द्रौपदी को हंसते देखकर भीष्म पितामह ने कहा कि द्रौपदी सभी तो शीश झुकाए खड़े हुए हैं तुम्हारे मुस्कुराहट का क्या कारण है तो द्रौपदी ने कहा कि पित्र देव जब मुझे भरी सभा में निर्वस्त्र किया जा रहा था तो उस सभा में आप भी बैठे थे लेकिन आपने न तो मना किया है और ना उस स्थान को छोड़कर बाहर हटे भीष्म पितामह ने कहा कि हे पुत्री तुम्हारी बात सत्य है जब भरी सभा में आपको निर्वस्त्र किया जा रहा था तो मैं उस समय ना कुछ बोल सका ना वहां से हट सका इसलिए कि मैं जो अन्न खाया था वह बेईमानों का धन था इसलिए मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा था अर्जुन ने अपने बाणो से मेरे शरीर को छलनी कर दिया और मेरे शरीर का बेईमानों का खाया हुआ अन्न का खून निकल गया इसलिए मेरे मस्जिद का दिमाग ईमानदारी का बचा तो मेरा दिमाग सही हुआ इसलिए मैं राजा का पहला गुण बताया हूं इसलिए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है की इस संसार में चोरी डकैती बेईमानी का कमाया हुआ धन ना खाए और सही और इमानदारी का कमाया हुआ धन का प्रयोग करें तभी इस संसार में वह प्राणी सुखमय है। और भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बुध सेन पाल, काशी प्रसाद विश्वकर्मा रामकुमार यादव सुलेखा पाल सुधा अग्रहरी आदि सैकड़ों सत्संगी मौजूद रहे।

# गांव गांव सूखे तालाबों में पानी भरवाया जाए : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**गौशाला निर्माण और सूखे तालाबों में जलापूर्ति जैसी मांगों को लेकर सकिपा ने डी पी आर ओ कार्यालय का किया घेराव, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे मंगलवार को मंझनपुर विकास भवन स्थित डी पी आर ओ कार्यालय का घेराव किया गया और प्रदर्शन एवं नारेबाजी कर जिला पंचायतराज अधिकारी को संबोधित एक सात सूत्रीय ज्ञापन अपर जिला पंचायतराज अधिकारी अजय कुमार यादव को सौपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में जनहित एवं जनसुविधाओं की कई मांगों के समुचित समाधान कराने की मांग की गई। मंगलवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता विकास भवन मंझनपुर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकताओं ने पंचायती विभाग की कई योजनाओं के क्रियान्वयन में की जा रही धांधली पर आक्रोश जाहिर किया, साथ ही स्थलीय जांच कराने की मांग भी की। कार्यकताओं का आरोप था कि जिले के अधिकतर गांवों के तालाबों में पानी नही भरवाया गया जिसके चलते भीषण गर्मी में जानवर प्यासे मर रहे हैं। इसी के साथ कई कई गांवों में स्ट्रीट लाइट नहीं लगवाई गई या फिर कम मात्रा में लगवाई गई है और लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। इसके बाद अपर जिला पंचायतराज अधिकारी अजय कुमार यादव को पार्टीजनों ने एक सात सूत्रीय ज्ञापन सौपा। सौंपे गए ज्ञापन में सिराथू ब्लॉक के कई गांवों में आरसीसी सड़क बनाने, ग्राम उदहिन बुजुर्ग, फत्तेपुर (बेला), तुलसीपुर एवं बारा तफरीक में विवाह गृह बनाने, ग्राम उदहिन बुजुर्ग, ग्राम फत्तेपुर (बेला) एवं ग्राम बारा तफरीक में शवदाहगृह बनाने, ग्राम उदहिन खुर्द, तुलसीपुर, नारा, खनवारी, जुवरा एवं हिसामबाद में गौशाला का निर्माण कराने, शमसाबाद, दुवरा, नारा, घाटमपुर, उदहिन बुजुर्ग एवं गढ़ी चौराहे पर सामुदायिक शौचालय बनाने, जिन जिन सूखे तालाबों में पानी नही भरवाया गया उन्हे चिन्हित कर उनमें पानी भरवाने एवं जिन जिन ग्राम सभाओं में स्ट्रीट लाइट नहीं लगवाई गई या कम संख्या में लगवाई गई, ऐसे गांवो को चिन्हित कर वहां स्ट्रीट लाइट लगवाने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए अपर जिला पंचायत राज अधिकारी ने ज्ञापन को जिला पंचायतराज अधिकारी तक पहुंचाने एवं समुचित कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि जिले के अधिकतर तालाब सूखे हैं जिससे जानवरों को पानी पीने को नही मिल रहा और जानवर प्यासे मर रहे हैं। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि गांव गांव सूखे तालाबों में पानी भरवाया जाए। सुरजीत वर्मा, जयसिंह पटेल, मनीष मौर्य, फूलचंद लोधी, परिहार लोधी, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

## संपादकीय

# अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता

चन्द्र प्रभा सूद

**अभिव्यक्ति** की स्वतन्त्रता हमारा भारतीय संविधान हर भारतवासी को देता है। अपने विचारों का अदान-प्रदान करना आवश्यक होता है। यदि अपने विचारों को दूसरों के समक्ष न रख सकें तो कोई हमारे विषय में जान नहीं सकेगा। स्वतन्त्रता का अर्थ उच्छृंखलता कदापि नहीं होता। मर्यादित विचारों की अभिव्यक्ति जहाँ मन को प्रफुल्लित करती है वहीं श्रोता को भी अभिभूत करती है। यहाँ आत्मानुशासन की लगाम का होना बहुत अनिवार्य होता है। जब तक सद् बुद्धि का चाबुक न पकड़ा जाए तब तक विचारों के प्रदूषित होने का खतरा मंडराता रहता है। यह दूषण सहृदय जनों के कष्ट का कारण बनता है। इससे हर बुद्धिमान व्यक्ति को बचना चाहिए। बोलने से पहले मनुष्य को दस बार सोचना चाहिए कि कहीं ऐसा कुछ न कह दिया जाए जो सामने वाले को आहत कर दे अथवा उसके आत्मसम्मान को ठेस लग जाए। शब्द रूपी बाणों से यदि किसी को घायल कर दिया जाए तो मर्मान्तक पीड़ा होती है। इसीलिए हमारे मनीषी कहते हैं -'पहले तोलो फिर बोलो।' जिस मनुष्य को अपनी वाणी पर नियन्त्रण नहीं है वह इन्सान कहलाने के योग्य ही नहीं है। यही वाणी मनुष्य को सबके सिरों पर बिठाकर यश और मान देती है। दूसरी ओर सबकी नजरों से गिराकर अपमान का दंश झेलने के लिए विवश करती है। जिस देश में हम रहते हैं, जिसका अन्न खाते है, जिसका जल पीते हैं, उसके प्रति हमारा दायित्व बढ़ जाता है। जिस मातृभूमि की गोद में खेलकर बड़े हुए हैं, उसका सम्मान करना बहुत ही आवश्यक है। विश्व के किसी भी व्यक्ति को अथवा किसी भी देशवासी को यह अधिकार नहीं है कि वह उसका अपमान करे। चाहे जननी हो अथवा जन्मभूमि हो, इन दोनों का निरादर करने वालों को किसी भी सूरत में क्षमा नहीं किया जा सकता। अपने तुच्छ स्वार्थों के लिए देश का सौदा करने वालों और उसके साथ द्रोह करने वालों को नरक में भी स्थान नहीं मिलता। ईश्वर भी ऐसे अहसानफरामोशों से नाराज हो जाता है।सोशल मीडिया, समाचार पत्रों, टी.वी. चैनलों और रेडियो सबका नैतिक दायित्व है कि वे सभी एकजुट होकर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के विरूद्ध जनजागरण की मुहिम चलाकर उन देशद्रोहियों को उनके अन्जाम तक पहुँचाने में सरकार की सहायता करें। राजनेताओं का दायित्व बनता है कि वे अपने देश के प्रति वफादारी निभाएँ और जन साधारण को भी जागरूक बनाएँ। देशद्रोहियों को अनावश्यक प्रश्रय न दें। तुच्छ राजनैतिक लाभ के लिए देश को हानि पहुँचाने के बारे में स्वप्न में भी न सोचें।

**जो भी व्यक्ति देश में अलगाव की स्थितियाँ पैदा कर रहे हैं अथवा देश की अखण्डता पर प्रहार कर रहे हैं, उन सब देशद्रोहियों को किसी प्रकार की सुरक्षा प्रदान न करके उन्हें अविलम्ब कानून के हवाले करके राजद्रोह का अभियोग चलाना चाहिए। किसी भी तरह की रियायत न देकर कठोर-से-कठोर दण्ड देकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति हमारे देश भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का दुस्साहस न कर सकें**

जो भी व्यक्ति देश में अलगाव की स्थितियाँ पैदा कर रहे हैं अथवा देश की अखण्डता पर प्रहार कर रहे हैं, उन सब देशद्रोहियों को किसी प्रकार की सुरक्षा प्रदान न करके उन्हें अविलम्ब कानून के हवाले करके राजद्रोह का अभियोग चलाना चाहिए। किसी भी तरह की रियायत न देकर कठोर-से-कठोर दण्ड देकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति हमारे देश भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का दुस्साहस न कर सकें। जो लोग केवल अपने अधिकारों की दुहाई देते हैं और उन्हें कर्त्तव्यों का भान नहीं है, उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता से वंचित कर देना चाहिए। जो सब लोग स्वतन्त्रता पाने के इच्छुक हैं, उनके समक्ष उसका सदुपयोग करने की शर्त रखी जानी चाहिए ताकि कोई भी उसका दुरूपयोग न कर सके। केवल सरकार या कानून को इसके लिए कभी भी चाबुक न चलाना पड़े बल्कि आत्मानुशासन का पालन करके बोलने की स्वतन्त्रता का आनन्द उठाना चाहिए।

# मोदी के सामने विपक्ष का गणित फेल!

के. विक्रम राव

**अपने** नौ वर्ष के राजकाल में नरेंद्र मोदी कितने कोस चले होंगे ? मुहावरी लहजे में उनके शत्रु नौ दिन में अढ़ाई कोस से हिसाब लगाएंगे। और नौ सालों को 365 दिनों से गुणा कर फिर नौ से भाग देंगे। मगर मोदी हैं कि विपक्ष की गणित फेल कर चुके हैं। छ्लांग लगाकर, फांदकर, लांघकर, कई कदम दौड़कर ! शायद इसीलिए संसद भवन बनते ही तमिल-भाषाई उन्हें मापेरुन-थलैवार कहना शुरू कर दिया, मतलब महान नेता। स्व. जयललिता को पुरात्ची (इंकलाबी) थलैवी कहा जाता था। उनकी सौ वर्षीय मां हीराबेन ने नरेंद्र मोदी को बताया था : तुम्हें ईश्वर ने गढ़ा है, मैं तो निमित्त मात्र हूं। तब प्लेटफार्म पर कुल्हड़ में चाय बेचते। इस इस अति पिछड़ी जाति के बालक की समझ के यह परे था कि वे बनेंगे क्या ? मगर उन्हें याद रहा था कि बराक ओबामा आइसक्रीम बेचते थे। अब्राहम लिंकन लकड़हारा थे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अखबार के हॉकर थे। लालबहादुर शास्त्री गंगा तैरकर स्कूल जाते थे क्योंकि मल्लाह को देने के लिए उनके पास दो दमड़ी नहीं होते थे। जवाहरलाल नेहरू के दादा गंगाधर नेहरू लाल किले के पास जागते रहो पुकारकर ड्यूटी बजाते थे। तो नरेंद्र मोदी में क्या कमी ? अतः चाय वाले का बेटा होकर नरेंद्र कोई कमजोर दावेदार नहीं थे। मोदी पर संकट अलग किस्म के आए। पहला था उन्हें विदेश यात्राओं के दौरान प्रधान मंत्री के नाते कई यादगार तोहफे मिले। इस अवधि में मोदी को 15 लाख 65 हजार रुपए मूल्य के 30 से अधिक उपहार मिले, जिसमें धूपदानी, भगवान गणेश की मूर्तियां, महात्मा बुद्ध से जुड़े प्रतीक चिन्ह, कंबल, दरी, स्वेटर, टोपी, गुलाब जल, गुलदान, लकड़ी के बक्से जैसी वस्तुएं शामिल हैं। इन उपहारों को हालांकि नियमानुसार विदेश मंत्रालय के



तोशाखाना में जमा कर दिया गया। पड़ोसी पाकिस्तान में खान मोहम्मद इमरान खान पठान को करोड़ों रुपयों के उपहार मिले। उन्होंने उसे दुबई में बेचकर अकूत धन कमाया। मुकदमा चल रहा है। एक विकट संकट मोदी पर आया था (24 जून 2020) पर। यदि उच्चतम न्यायालय तीस्ता सीतलवाड द्वारा पेश श्रीमती जाकिया अहसान जाफरी की याचिका को स्वीकार कर लेता तो आरोपी नरेन्द्र दामोदरदास मोदी 2002 के गुजरात दंगों के दोषी माने जाते और दण्ड के भागी बन जाते। अतः उसी दिन राष्ट्रपति पद के लिये द्रौपदी मुर्मू के नामांकन प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से कट जाते। नये भाजपा संसदीय नेता की खोज चालू हो जाती। मोदी के सार्वजनिक जीवन की सर्वथा इति हो जाती। राष्ट्र की प्रगति थम सी जाती, अर्थात ठीक वहीं दास्तां दोहरायी जाती जो इसी माह (12 जून 1975) सैंतालीस साल पूर्व इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी के लोकसभा निर्वाचन को निरस्त करने से उपजी थी। तीस्ता सीलवाड के मोदी के विरुद्ध याचिका को खारिज कर दिया। तीस्ता को न्यायप्रक्रिया से खिलवाड़ करने का अपराधी माना। उस दौर में उन्हीं की पार्टी के जनक अटल बिहारी वाजपेयी (उस वक्त के प्रधानमंत्री) तो युवा मुख्यमंत्री को राजधर्म पढ़ाने और पालन कराने पर आमादा थे। नेहरुछाप उदार राजनेता की अटलजी फोटोकॉपी बन जाते। तब पणजी (गोवा) में 2002 में भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने विचार किया और मोदी के पक्ष में निर्णय लिया। हटाया नहीं। अटलजी की चली नहीं। गुजरात (गांधीनगर) से भाजपा सांसद 75–वर्षीय लालचन्द किशिनचंद आडवाणी इस गुजराती के त्राता बने। मोदी को तीसरी पारी खेलने का अवसर मिल गया। प्रधानमंत्री के नाते मोदी ने अपनी भारत विकास की मुल्मि में ऐतिहासिक इमारतों तथा तीर्थस्थलों के जीर्णोद्धार में काफी श्रम किया रूचि ली। इस पर उनकी आलोचना हुई। वे रूढ़िवादी हैं, हिंदुत्ववादी, पुरातनवंशी आदि। क्या अपने राष्ट्र के इतिहास को संवारना अपराध है ? सरदार पटेल, राजेंद्र प्रसाद, कन्हैयालाल मुंशी ने सोमनाथ, काशी, पाटलिपुत्र गंगाघाट आदि को सुधारा। आजाद देश का तकाजा था नरेंद्र मोदी ने ठीक ऐसा ही किया। मोहम्मद गोरी के गुलाम कुतुबुद्दीन ऐबक के ही गुलाम शम्सुद्दीन इल्तुतमिश ने करीब नौ सदियां बीते धर्मनगरी उज्जैन को खण्डित किया था, लूटा था। स्वयंभू दक्षिणामूर्ति शिवलिंग को क्षिप्रा नदी में फेंक दिया था। ऐसा ही फरगना के डाकू जहीरूद्दीन बाबर द्वारा श्रीराम जन्मस्थल पर जघन्य प्रहार हुआ था। आलमगीर औरंगजेब के वहशियानापन का शिकार बने विश्वनाथ मंदिर। मोदी ने सबको विभूषित किया। भारत ऋणी है। इस बीच अयोध्या का भी समाधान हो गया है। सोमनाथ को तो सरदार वल्लभभाई पटेल ने पहले ही संवार दिया था, जवाहरलाल नेहरु के जोरधार प्रतिरोध के बावजूद। अतः भला हो नरेन्द्र दामोदरदास मोदी का कि अपने सहप्रदेशीय सरदार पटेल की भांति वे भी तत्पर हुये राष्ट्र गौरव को संजोने के लिये। मगर महाकाल मंदिर को संवारकर मोदी ने कई पीढ़ियों पर उपकार कर दिया। उज्जयिनी का यह देवालय प्राचीन ज्ञान का भंडार रहा। लोग स्मरण करते है जब प्रधानमंत्री पद संभालते ही मोदी ने संसद भवन के प्रवेश द्वार पर माथा टेका था। जब वे काशी से लोकसभा का नामांकन करने 2014 गये थे तो उनकी घोषणा थी कि उन्हें "गंगा मां ने बुलाया है।"क्षिप्रा के बाद अब उन्हें यमुना पुकार रही है। मथुरा को भी यवन आक्रांताओं के चंगुल से मुक्त कराना है। कृष्ण अभी भी जेल में हैं। मस्जिद के अतिक्रमण से घिरे हैं।

कृष्ण के प्रदेश गुजरात के ही मोदी हैं। अतः अब यमुना उन्हें आवाज दे रही है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण है नरेंद्र मोदी की रक्षा नीति। जब मुंबई के ताज होटल पर मोहम्मद कसाब और उसके आतंकियों ने निर्दोष लोगों को भून दिया था, तो सरदार मनमोहन सिंह ने संसद में ऐलान किया था : पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। न तो मुंह बिगड़ा, न कुछ तोड़ा। पाकिस्तान वैसे ही करता रहा। अटल बिहारी वाजपेई ने दिसंबर, 2001 में संसद पर हमला होने पर सेना को सीमा पर डेढ़ माह तक तैनात रखा। लड़ाकू विमान तैनात थे मगर वाजपेई जी ने आदेश दिया ही नहीं। पुलवामा का बदला मोदी ने तुरंत लिया। घुस कर इस्लामी पाकिस्तान को सबक सिखाया। चीन से मुकाबला करने हेतु नरेंद्र मोदी ने एशियाई नीति दुबारा रची।

सबसे मजबूत विरोधी कम्युनिस्ट वियतनाम है जिसने चीन के नाकों दम कर रखा है वह चीन को अपने भूभाग से खदेड़ भी चुका है वियतनाम में भारत के तेल और प्राकृतिक गैस आयोग (डठञ्छ) ने उत्पादन केंद्र बनाए हैं वियतनामी राजदूत फाम सान्ह चाऊ ने नई दिल्ली में बताया कि चीनी नौसेना वहां हमला करने आई थी नरेंद्र मोदी ने अपनी लेह यात्रा पर हिमालयी ऊँचाई पर से उदघोष किया था कि, चीन विस्तारवादी है उससे अब टकराव बनाम लेनदेन का फॉर्मूला नहीं चलेगो वे नेहरु की हिंदी-चीनी भाई-भाई के फरेब को तोड़कर, अब सार्वभौम राष्ट्रवादी भारतीय अस्मिता को जगाना चाहते हैं अतः पूर्वोत्तर भारत, विशेषकर लद्दाख, गिलगित और बाल्टिस्तान की सुरक्षा हेतु भारत को नए सिरे से सोचना होगो ऑस्ट्रेलिया की यात्रा के अंतिम दिन (24 मई 2023) नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से सख्त दंडात्मक कदम का वादा पाया जब उन्होंने हिंदू मंदिरों पर आतंकी हमलों का मुद्दा उठाया। एक खास भेंट मोदी की हुई मशहूर वक्ता मार्क बल्ला, उर्फ शौचगृह योद्धा से। बल्ला ने ऑपरेशन टॉयलेट ऑस्ट्रेलिया की स्थापना की थी, भारत के सुलभ शौचालय श्रृंखला की भांति।

बल्ला ने मोदी को स्वच्छता द्वारा दुनिया बदल डालने वाला महानतम पुरुष कहा। उनके आकलन में मानव इतिहास में स्वच्छ भारत कार्यक्रम अद्वितीय रहा। कुल मिलाकर नरेंद्र मोदी ने दुनियावालों को जता दिया कि भारत कभी एक सुसुप्त शेर था। अब जाग चुका है। गरजेगा भी।

# नीतीश से चले हैं विपक्षी एकता का पुल बनाने

अशोक

**अगुवानी** घाट-सुल्तानगंज का निर्माणाधीन पुल गिरने पर न केवल करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ साथ ही नीतीश के विरोधियों को उन पर तंज कसने का पूरा मौका मिला । बिहार भाजपा विधान मंडल दल के नेता विजय सिन्हा ने नीतीश सरकार कटाक्ष करते हुए कहा कि नियत में खोट और भ्रष्टाचार की चोट के कारण जैसे बनने से पहले यह पुल बार-बार गिर रहा है वैसा ही हाल आपकी विपक्षी एकता का भी है। श्री सिन्हा ने कहा कि 1711 करोड़ की लागत से बनने वाला यह पुल मुख्यमंत्री जी का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। हालांकि इस पुल निर्माण के लिए 08 डेट लाइन तय किया जा चूका है। इस पुल का शिलान्यास 2014 में और कार्यारंभ 2016 में ही हो गया था, उस समय महागठबंधन की सरकार ही थी और यह तो सर्वविदित है कि महागठबंधन की सरकार की योजनाओं में वि श्री सिन्हा ने कहा कि इससे पहले भी पुल का एक हिस्सा अप्रैल 2022 में धराशायी हुआ था, जिस पर एनडीए सरकार ने जांच भी बैठा दी थी लेकिन पुनः अगस्त 2022 में महागठबंधन चोर दरवाजे से सत्ता में आकर भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए इस जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया और अपनी हिस्सेदारी को भी पुनः बरकरार कर लिया। जिससे इस जांच का क्या हुआ जनता के समक्ष नहीं आ सका है।कास का कार्य कितना और भ्रष्टाचार कितना होता है।

इस कड़ी में सांसद चिराग पासवान ने भी उनसे कई सवाल किए हैं।चिराग पासवान ने ट्वीट कर लिखा-एक साल में दो-दो बार अरबों की लागत से बन रहे पुल का गिरना भ्रष्टाचार का उदाहरण है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी आप जीरो टॉलरेंस की बात करते है बताइए ये भ्रष्टाचार नहीं है तो क्या है ? आप देश में बिहार की छवि को धूमिल करने में लगे है । आपसे बिहार नहीं संभल रहा तो





देश कैसे संभलेगा ? इन दिनों आपका ध्यान बिहार के विकास पर कम और प्रधानमंत्री की कुर्सी पर ज्यादा है। चिराग ने नीतीश पर हमला करते हुए बोला- 'मुख्यमंत्री जी फिर एक बार बिहार में गंगा नदी पर अरबों रुपए की लागत से बन रहा निमार्णाधीन पुल ध्वस्त हो गया। अब बताइए ये भ्रष्टाचार का प्रमाण नहीं है तो क्या है ? बिहार में पुल शिलान्यास से पहले गिर जाते हैं, बांध चूहे कुतर देते हैं । अब बिहार को और कितना बदनाम करेंगे'। गौरतलब है कि बिहार में यह हालिया पुल गिरने का पहला मौका नहीं है इसके पूर्व भी ऐसे कई हादसे हो चुके है । बताया जाता है कि पिछले एक साल में एक दो नहीं बल्कि सात पुल गिर चुके हैं । बिहार के सारण जिले में 19 मार्च 2023 को अंग्रेजों के जमाने का एक पुल गिरने से दो लोग घायल हो गये। इन घायलों में एक ट्रक चालक व कंडक्टर शामिल थे। खबरों के मुताबिक ट्रक पर कुछ भारी सामान लदा था। जैसे ही ट्रक पुल चढ़ा, पुल ढह गया। अंग्रेजों के जमाने का यह पुल महानदी नदी पर बनाया गया था और पिछली बाढ़ के बाद से ही जर्जर स्थिति में था। पुल का ढांचा टूट रहा था और कई जगहों पर दरारें आ गई थीं। जर्जरता के बावजूद पथ निर्माण विभाग ने इसे खतरनाक पुल घोषित नहीं किया और पुल के दोनों ओर चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाया गया था। बिहार के पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड के रुस्तमगंज गांव के पास 19 फरवरी 2023 को एक निमार्णाधीन पुल टूटकर जमींदोज हो गया। यह घटना बिहटा-सरमेरा फोर लेन स्टेट हाईवे 78 पर हुई। जो पटना को नालंदा जिले से जोड़ने वाली सड़क आंशिक रूप से बनी है। वैसे इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ था। तब रोड निर्माण विभाग के अधिकारी मृत्युंजय कुमार ने कहा था कि खंभों पर एक स्लैब रखा गया था। अचानक वह गिर गया। बिहार के पूर्णिया जिले में 31 जनवरी 2023 को एक निमार्णाधीन पुल गिर गया। जिसमें दो मजदूरों को मामूली चोटें आईं थीं। तब अधिकारियों ने कहा था कि पूर्णिया जिले के बैसी में माला-सकरबलिया रोड पर स्थित दुमुहनी नाले पर बन रहा 20।10 मीटर लंबा पुल मंगलवार (31 जनवरी) की शाम ढह गया। इसके बाद कार्यपालक अभियंता रामू प्रसाद ने आरोप लगाया था कि ठेकेदार ने पुल निर्माण को लेकर जारी दिशा-निदेर्शों का उल्लंघन किया है। दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कमला नदी पर बना पुल 16 जनवरी 2023 को टूट गया था। यह पुल दरभंगा जिले को मधुबनी, सहरसा, खगड़िया और समस्तीपुर से जोड़ता था। यह पुल तब टूटा जब रेत से लदा एक ट्रक वहां से गुजर रहा था। जब ट्रक पुल के बीच पहुंचा तो वह टूट गया और ट्रक नदी में गिर गया। इस दौरान पुल पर बाइक सवार दो अन्य लोग भी नदी में गिर गये थे। बड़ी बात यह है कि साल 2004 में इस पुल का निर्माण हुआ था और महज 18 साल बाद यह टूट गया। गंडक नदी पर बना पुल 18 दिसंबर 2022 को बिहार के बेगूसराय में उद्घाटन से पहले 13 करोड़ की लागत से बना पुल ढह गया। पुल का अगला हिस्सा ढहने के बाद नदी में जा गिरा था। मुख्यमंत्री नाबार्ड योजना के तहत 206 मीटर लंबा बनाया गया था, लेकिन यह चालू नहीं हो सका था क्योंकि पुल का उद्घाटन नहीं हुआ था। कुछ दिनों पहले ही पुल के अगले हिस्से में दरार देखी गई थी, फिर 15 दिसंबर 2022 को पुल में आई दरार को लेकर अधिकारियों को पत्र लिखा गया था और 18 दिसंबर (रविवार) की सुबह पुल का अगला हिस्सा टूट कर गिर गया। 9 जून, 2022 को बिहार के सहरसा जिले में पुल का एक हिस्सा गिरने से तीन मजदूर घायल हो गए थे। हादसा सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के कंडुमेर गांव में कोसी तटबंध के पूर्वी हिस्से में हुआ। पुल पर काम कर रहे घायल मजदूर टूट कर नीचे गिर गये और मलबे में दब गए।

**16 जनवरी 2023:** बिहार के दरभंगा जिले में ओवरलोड ट्रक की चपेट में आने से लोहे का पुल गिर गया था। घटना दरभंगा जिले के कुशेश्वर स्थान प्रखंड के सबोहर घाट की है। कमला बलान नदी पर स्थित यह पुल दरभंगा को मधुबनी, सहरसा और समस्तीपुर जिलों से जोड़ता है। रेत से भरा ट्रक जब पुल के बीच में पहुंचा तो वह टूट गया और ट्रक नदी में गिर गया। वाहन के चालक और खलासी ने नदी में कूदकर जान बचाई। 20 मई, 2022 : राज्य की राजधानी पटना में अत्यधिक बारिश के कारण 136 साल पुराना एक सड़क पुल ढह गया। पुल पटना से 25 किमी दूर फतुहा उप-नगर में स्थित था। पुल का निर्माण ब्रिटिश काल के दौरान 1884 में हुआ था। इससे पहले राज्य के दूसरे शहरों में पुल गिरने की घटनाओं पर लोगों का कहना था कि पुल का रखरखाव सही तरीके से नहीं होता है। बारिश को लेकर जिला प्रशासन सतर्क नहीं था। राज्य में कई पुल सालों पुराने है। जो अब भारी वाहनों का वजन नहीं सह सकते। लेकिन इसके बाद भी इन पुलों से आवाजाही जारी है। बांका का चांदन पुल, जमुई जिले के गिद्धौर, सोनो के पुल, सारण, कोइलवर, आरा आदि जिलो में ऐसे कई पुल हैं। जो अंतिम समय में है। बिहार के ही एक जानकर बताते है कि पिछली दफा जब यह पुल गिरा था तो मैं सुल्तानगंज गया था। उस वक्त निमार्ता कंपनी के अधिकारी से जो मेरी बातचीत हुई उसके आधार पर कुछ कह सकता हूं। यह दरअसल केबल स्टेड ब्रिज है। मोटे तारों के जरिए इस पुल के स्लैब को संतुलित किया जाता है। पुल निर्माण की यह तकनीक आधुनिक है। बिहार में आरा छपरा के बीच भी इसी तकनीक पर पुल बना है। पुल बनाने वाली कंपनी एसपी सिंगला है। यह ऐसे पुल बनाती है।मगर इस पुल के निर्माण में संतुलन की बड़ी भूमिका होती है। दोनों तरफ के केबल में बराबर वजन डालकर फिर उसमें लोड डाला जाता है। इसमें जरा भी संतुलन गड़बड़ाया सबकुछ आसानी से ध्वस्त हो जाता है। पिछले साल यही हुआ था। बिना संतुलन के लोड बढ़ाया गया। इस वजह से यह क्रॉस विंड के जरा से झोंके को सह नहीं पाया। इस साल भी संभवतः यही हुआ होगा। मुमकिन है कि इस पुल को बनाने वाले मजदूर और कर्मी अनुभवी नहीं हैं या फिर इनसे बार बार कोई चूक हो रही है।

# कितनी सफल होगी नीतीश कुमार की विपक्षी एकता मुहिम

रमेश सर्राफ धमोरा

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का एक मजबूत मोर्चा बनाने की कवायद में जुटे हुए हैं। इसके लिए नीतीश कुमार देश के विभिन्न क्षेत्रीय दलों के प्रमुखों से मिलकर उन सबको भाजपा के विरोध में एकजुट होने के लिए तैयार कर रहे हैं। नीतीश कुमार का प्रयास है कि मजबूत विकल्प के अभाव में पिछले नौ वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार चला रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विरोधी दलों का एक मजबूत विकल्प प्रस्तुत किया जाए। ताकि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को केंद्र की सत्ता से बाहर किया जा सके। नीतीश कुमार ने जब से बिहार में भाजपा से गठबंधन तोड़ा है। उसके बाद से उनका पूरा प्रयास है कि भाजपा के बढ़ते प्रभाव पर रोक लगाकर उनकी मनमानी को रोका जाए। नीतीश कुमार इस मुहिम में कांग्रेस को भी शामिल करना चाहते हैं। नीतीश कुमार का मानना है कि पहले सभी भाजपा विरोधी दल एक मंच पर आकर चुनाव में भाजपा को हरायें। उसके बाद प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का चयन किया जाएगा। नीतीश कुमार अभी स्वयं को प्रधानमंत्री पद की दावेदारी से बाहर मान रहे हैं। उनका कहना है कि वह स्वयं प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहते हैं। चुनाव के बाद बहुमत मिलने पर सभी विरोधी दलों के नेताओं की सहमति से प्रधानमंत्री का चयन किया जाएगा। नीतीश कुमार इस सिलसिले में बीजू जनता दल के अध्यक्ष व उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, द्रुमक के अध्यक्ष व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत ,चौधरी, माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी, भाकपा के महासचिव डी राजा सहित कई अन्य क्षेत्रीय दलों के नेताओं से इस संबंध में मिलकर चर्चा कर चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी से भी नीतीश कुमार की विपक्षी एकता को लेकर विस्तृत चर्चा हो चुकी है। भाजपा विरोधी दलों में इस समय नीतीश कुमार ही ऐसे नेता है। जिनके सभी दलों के नेताओं से सौहार्दपूर्ण संबंध है तथा वह सभी से खुलकर बात कर सकते हैं। नीतीश कुमार की मुहिम में अधिकांश राजनीतिक दलों ने उनसे साथ देने का वादा भी किया है। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, हम सहित कई राजनीतिक दल पहले से ही नीतीश कुमार नीत गठबंधन सरकार में साथ हैं। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, असम से सांसद बदरुद्दीन अजमल की पार्टी ने भी नीतीश की मुहिम में शामिल होने के लिए हां कर दी है। नीतीश कुमार अपने भाजपा विरोधी मुहिम में जुटे हुए हैं। मगर उन्हें बहुत से स्थानों पर सफलता भी नहीं मिल रही है। कहने को तो उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक उनके बहुत ही पुराने घनिष्ठ मित्र हैं। मगर वह नीतीश कुमार की मुहिम में शायद ही शामिल हो। नवीन पटनायक केंद्र की भाजपा सरकार को हर मुद्दे पर साथ देते हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री व वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगनमोहन रेड्डी भीं अंततः भाजपा की तरफ ही जाएंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी कांग्रेस के साथ किसी मोर्चे में शामिल होना पसंद नहीं करेंगे। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम बदलकर भारतीय राष्ट्र समिति कर दिया है।

# वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारत के बढ़ते रुतबे और कद में सफलता का एक और अध्याय जुड़ने जा रहा है, क्योंकि हमारे माननीय पीएम के 21-24 जून 2023 तक अमेरिकी राजकीय दौरे पर होंगे। चूंकि पहली बार अमेरिका की अधिकृत यात्रा पर जा रहे हैं इसीलिए इसकी अहमियत और महत्व बहुत अधिक होगा जिसके सकारात्मक दूरगामी परिणाम आने की पूरी संभावना जताई जा रही है। इसके पहले 2009 में आखिरी राजकीय यात्रा पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने की थी। अमेरिका आज एक विकसित देश है तो भारत ने भी कुछ वर्षों से अपनी ताकत रुतबा और शक्ति हर क्षेत्र में दिन दूनी रात चौगुनी कहावत की लाइन में बढ़ाई है। आज भारत की बौद्धिक क्षमता, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा स्पेस इत्यादि अनेकों क्षेत्रों में विकसित देशों के समकक्ष होने की राह पर है। सबसे बड़ी बात विश्व की दोनों महाशक्तियों के साथ भारत के मधुर संबंध और सामंजस है, इसके साथ ही भारत आज दुनियां की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो अमेरिका सबसे पुराना लोकतंत्र है जो सोने पर सुहागा साबित हो रहे हैं। आज अगर भारत अमेरिका की पक्की मैत्री, अमेरिकन इंडियन भाई भाई की यात्रा शुरू हो गई है तो यह एक और एक ग्यारह वाली बात है, क्योंकि दोनों के पास अपनी अपनी विशेषज्ञता और ताकत है जो एक साथ मिल जाए तो पूरी दुनिया में सुख समृद्धि स्वस्थ शांति बनाने की और महत्वपूर्ण कदम होंगे। यही बात है कि भारत अमेरिका के बीच स्थाई मैत्री का जश्न मनाया जा रहा है और यह सारी दुनियां के लिए एक अहम संदेश भीसाबित होगा, इसकी प्रगाढ़ता का नया अध्याय 21-24 जून 2023 से शुरू होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने और समृद्धि लाने, मिल बैठ चर्चा करेंगे दो यार भारत और अमेरिका। साथियों बात अगर हम पीएम के 21-24 जून 2023 को अमेरिका राजकीय दौरे की खासियत की करें तो पीएम 22 जून को अमेरिकी संसद को संबोधित करने वाले हैं। पीएम अमेरिकी संसद के दोनों सदन-सीनेट और हाउस ऑफ प्रिपेजेंटेटिव को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे।

## 23 जून तक कर लें बोर्ड की बैठक: एडीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी, अधिशासी अधिकारी मानिकपुर, राजापुर, मऊ से कहा कि शासन से मिले निर्देश के क्रम में निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण के बाद निकायों के खातों के संचालन बाबत निकायों के कार्यकाल पूरा होने के बाद निकायों के कार्यों के प्रबंधन को शासनादेश अनुसार निकायों के खातों का संचालन प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 में दी सुसंगत धाराओं की व्यवस्थानुसार संचालित होंगे।

मंगलवार को उन्होंने बताया कि निकायों में शपथ ग्रहण के बाद निकायों के गठन की अधिसूचना जारी होने की तिथि से एक माह के भीतर 23 जून तक निकायों के बोर्ड की बैठक करा लें। वित्तीय वर्ष 2023-2024 में निकायों में होने वाले कार्यों की कार्य योजना बनाकर बोर्ड से अनुमोदन लेकर कार्य योजना शासन को प्रत्येक दशा में 30 जून तक भेज दें। इस बाबत निर्गत शासनादेश के तहित निदेर्शों के क्रम में शपथ ग्रहण की कार्यवाही के बाद निकायों के गठन की अधिसूचना के एक माह के भीतर 23 जून तक निकायों की बोर्ड की बैठक कर लें।

## जिला योजना समिति के 17 से होंगे चुनाव

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला योजना समिति ने बताया कि प्रदेश जिला योजना समिति अधिनियम 1999 के तहत जिले के नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समिति के सदस्यों का चुनाव होना है।

मंगलवार को उन्होने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 17 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह चार बजे तक नामांकन, चार बजे से कार्य समाप्ति तक नामांकन पत्रों की जांच, 21 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक उम्मीदवारी वापस लेने, 25 जून को सवेरे आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान एवं 25 जून को अपरान्ह तीन बजे से कार्य समाप्ति तक मतगणना होगी।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रदेश जिला योजना समिति नियमावली 2008 के अनुसार होगी। इस चुनाव में मतदान गुप्त होगा। जिला योजना समिति के सदस्यों के मतपत्र अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को निर्धारित प्रपत्र-9 अनारक्षित वर्ग महिला के उम्मीदवारों को प्रपत्र 9(1), अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को प्रपत्र-9 ख तथा अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के उम्मीदवारों को प्रपत्र- 9ख(1) के अनुसार होंगे। विधि मान्य उम्मीदवारों के नाम मतपत्र में हिंदी में उसी क्रम में दिए जाएंगे जिस क्रम में विधिमान्य उम्मीदवारों की रिटर्निंग ऑफिसर प्रकाशित सूची में दिए हैं। मतगणना के बाद रिटर्निंग ऑफिसर परिणाम घोषित करेंगे। समय सारणी के बीच पडने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे। निर्धारित समय सारणी अनुसार कार्यवाही होगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतिभागियों को मिले ईनाम, हुए विभिन्न कार्यक्रम




अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र लखनऊ ने 2023-24 को डायट को तैयार वार्षिक कैलेंडर के क्रम में पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्थान में प्रथम पाली में क्विज प्रतियोगिता व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं द्वितीय पाली में प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाली समस्याएं एवं समाधान शीर्षक पर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली।

मंगलवार को क्विज प्रतियोगिता में सृष्टि द्विवेदी प्रथम, सुशील कुमार द्वितीय, अंकिता सिंह तृतीय, निबंध लेखन प्रतियोगिता में पारुल सिंह प्रथम, सृष्टि द्विवेदी द्वितीय, रश्मि पांडेय व विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में सामूहिक रूप से राधिका सिंह, अर्चना सिंह, पूनम, प्रियंका देवी, उर्मिला देवी प्रथम, सामूहिक रूप से विभव कुमार पटेल, पुष्पेन्द्र सिंह, सचिन सिंह द्वितीय, सामूहिक रूप से शुभांशु, अमरजीत, अंकित, अजय, सुनील, रमाकांत, पियुष, सौरभ एवं प्रियंका सिंह, वर्तिका, प्रीती जायसवाल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डायट का स्टाफ मौजूद रहा।

## दो वारंटी पुलिस ने दबोचे



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा रामवीर की टीम ने वारंटी अनूप उर्फ लालू पुत्र भोला निवासी राजापुर को गिरफ्तार किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे।

इसी क्रम में रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने वारंटी हीरालाल पुत्र रामसजीवन निवासी बाघमबरी गद्दी अल्लापुर प्रयागराज हालपता रैपुरा चित्रकूट को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही तिलक राज शामिल रहे।

# भू-माफिया के खिलाफ हिंदूवादी संगठनों ने खोला मोर्चा

### -टापटेन की सूची में भू-माफिया को करें शामिल -अशोक गुप्ता की नहीं थम रही दबंगई



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मंदाकिनी नदी किनारे हो रहे अवैध निर्माण के विरोध में हिंदूवादी संगठनों से जुड़े युवाओं ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम रामजन्म यादव को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि नदी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले को टॉप टेन भू-माफिया में दर्जकर कार्रवाई की जाये।

मंगलवार को बजरंग दल के जिला सह संयोजक शिवेंद्र प्रताप सिंह एवं कपिल त्रिपाठी की अगुवाई में हिंदूवादी संगठनों से जुड़े सैकड़ों युवाओं ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन एसडीएम रामजन्म यादव को सौंपा। ज्ञापन में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था मंदाकिनी नदी से जुडी है। नदी किनारे की जमीन पर शहर का एक भू-माफिया अवैध कब्जा कर रहा है। अवैध निर्माण को लेकर चित्रकूट विशेष क्षेत्र प्राधिकरण ने अशोक कुमार गुप्ता को नोटिस जारी की है। फिर भी अवैध निर्माण नहीं थमा। प्राधिकरण ने कर्वी कोतवाल को पत्र भेजकर बलपूर्वक निर्माण कार्य रोकने को कहा था। इसके बाद भी निर्माण कार्य अनवरत जारी रहा।

इसके पहले भी भू-माफिया ने स्कूल के बगल में प्राधिकरण की रोक के बाद भी लगातार निर्माण कराया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ये भू-माफिया लगातार शासन-प्रशासन के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा है। इससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। इस प्रभावशाली भू-माफिया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाये। जिले के टॉपटेन भू-माफिया की सूची में डालकर कानूनी शिकंजा कसा जाए। चेताया कि भू-माफिया के खिलाफ कार्यवाही न होने पर हिन्दूवादी संगठन आन्दोलन को बाध्य होंगे। प्रदर्शनकारियों में रामपाल सिंह, सुरेश साहू, महेंद्र मिश्रा, राममणि त्रिपाठी, भूमिपुत्र द्विवेदी, उमेश रैकवार व योगेंद्र गुप्ता आदि शामिल रहे।

## वकालत की धौंस में प्रशासन को चबवाये है नाको चने

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय में एक ऐसा भू-माफिया तैयार हो गया है, जो नियम-कानून-सरकारी आदेश को ठेंगे पर मारे रहता है। अपनी वकालत की धौस दिखाकर जिला प्रशासन को भी नाको चने चबवाये है, फिर भी प्रशासन उस पर कडी कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा। आखिर नियम-कानून सरकारी आदेश कब उस पर लागू होंगे। सूबे की योगी सरकार ने बडे-बडे माफियाओं को छठी का दूध याद दिला दिया है, लेकिन इस भू-माफिया के आगे योगी सरकार भी बौनी नजर आ रही है। इसीलिए इस भू-माफिया पर जिला प्रशासन हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। बीते माह डीएम अभिषेक आनन्द ने इस भू-माफिया की गांधीगंज स्थित चार मंजिला इमारत को गिराने का आदेश दिया था, लेकिन प्राधिकरण के जेई की दुरभिसंधि के चलते ये बच गया था। अब हिन्दूवादी संगठनों ने भी इस भू-माफिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अब देखना है कि इसे पिछडे वर्ग से उभरकर भाजपा में आये बडके नेता कैसे बचा पाते हैं। बडके नेता अपनी सीट/टिकट बचाने की कवायद करेंगे या फिर इस भू-माफिया को बचायेंगे।

# पूजन सामग्री भरी पालीथिन फेंकने वालों को मन्दाकिनी दें सद्बुद्धि: अजीत सिंह

### -वन विभाग से बारिश दौरान नदी किनारे अर्जुन पौधे रोपने की मांग- बुंदेली सेना का 19वें दिन जारी रहा सफाई अभियान



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी नदी सफाई अभियान 19वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान देव गंगा से लोगों की सद्बुद्धि की प्रार्थना की गई, ताकि लोग नदी में पालीथिन में भरकर फूल और पूजन सामग्री फेंकना बंद करें। वन विभाग से मांग की गई कि जलस्रोत बढाने को अर्जुन पौधों को नदी किनारे रोपित किया जाये।

मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मन्दाकिनी केवल नदी ही नहीं है, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था की केंद्र और जीवन रेखा है। इसी नदी का कई लाख लोग पानी पीते हैं। इसी नदी में कचरा और गंदगी फेंकते हैं। पुरानी परम्पराएं छोड़कर दाग लेने वाले के कपड़े, मूर्तियां, कैलेंडर आदि का भू-विसर्जन शुरू करना होगा। देवताओं में चढ़ाए फूल, हवन-पूजन सामग्री आदि को पालीथिन में भरकर नदी में फेंकने की परम्परा तुरंत बंद करने की जरूरत है। पढ़े-लिखे समझदार लोग नदी में रोज कर्वी में पुल के ऊपर से पालीथिन की पुटकी नदी में फेंकते हैं। राजाघाट, सुंदर घाट, नयागांव रपटा आदि विभिन्न जगहों पर भी रोज सैकड़ों पालीथिन भरी पूजन सामग्री फेंकी जाती है। ऐसे लोगों की सद्बुद्धि को मन्दाकिनी नदी का पूजन कर प्रार्थना की गई।

पिछले 19 दिन से बुंदेली सेना का मन्दाकिनी नदी सफाई अभियान जारी है। इस दौरान कई ट्रक चोई चारा नदी से बाहर निकाला। वन विभाग से मांग की गई कि नदी किनारे अर्जुन के पौधों को रोपित किया जाए। अर्जुन के पौधे जल स्त्रोत बढाने में सहायक हैं। नदी सफाई में युवा टीम योगदान दे रही है। शैलेन्द्र मिश्रा, जानकी शरण, अतुल सिंह, वीपी पटेल, दादू केशरवानी, रिंकू द्विवेदी, पुनीत तिवारी, चुन्नीलाल व उनकी टीम सफाई में मेहनत कर रही है।

## सूर्यदेव मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, सेवा भारती एवं राष्ट्र सेविका समिति द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**सुलतानपुर ।जिलाधिका**री जसजीत कौर की अध्यक्षता में आगामी दो दिवसीय 10 जून व 11 जून 2023 को केंद्रीय विद्यालय अमहट सुलतानपुर में सूर्यदेव मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, सेवा भारती एवं राष्ट्र सेविका समिति के संयुक्त तत्वाधान में प्रस्तावित निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक की गयी। उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जनपद के प्रत्येक ग्राम से लोगों को आमंत्रित कर विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका इलाज किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपोलो, मेदान्ता, मैक्स जैसे-हास्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जॉच/परीक्षण कर लोगों का इलाज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जनपद के एक लाख से अधिक लोगों का चिकित्सकों द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में प्रतिभाग कर लाभ उठायें। उन्होंने सूर्यदेव मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, सेवा भारती एवं राष्ट्र सेविका समिति की अध्यक्ष अलका सिंह को आश्वस्त कराया कि, प्रशासन उक्त स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में पूरा सहयोग प्रदान करेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सदर सी. पी. पाठक, परियोजना निदेशक (डी0आर0डी0ए0) कृष्ण करूणाकर पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# 30 जून तक चलेगा मलेरिया से बचाव को अभियान: सीएमओ



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में एक से 30 जून तक मलेरिया माह में जनता को मलेरिया रोग से बचाव को जागरुक किया जा रहा है।

मंगलवार को सीएमओ डा भूपेश द्विवेदी ने बताया कि मलेरिया माह का उद्देश्य रोग से बचाव को लोगो में जागरुकता बढाना है। जिले में मलेरिया से निपटने को पर्याप्त इंतजाम है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार ने बताया कि मलेरिया जानलेवा रोग है। मादा मच्छर एनाफिलीज के काटने से होता है। बुखार, ठंड लगना, सिर दर्द, उल्टी आना आदि मलेरिया के प्रमुख लक्षण है। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि 2022 में 80607 बुखार से ग्रसित रोगियों के सैंपल लेके जांच की गयी थी। पांच मरीज मलेरिया धनात्मक मिले थे। वर्ष 2023 में कुल 21463 बुखार से ग्रसित रोगियों के सैंपल लेके जांच में एक भी मलेरिया धनात्मक रोगी नही मिला है।

मलेरिया माह पर जिला मलेरिया अधिकारी के निर्देश पर मलेरिया विभाग टीम के सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, सीनियर मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक प्रगति चन्देल व जयशंकर गुप्ता, कीटसंग्रहकर्ता व एसएफ डब्ल्यू ने संवेदनशील क्षेत्रों में सोर्स रिडक्शन व प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि नालियों व जलभराव वाले स्थानों में एण्टीलार्वा दवा का छिडकाव हो रहा है। मलेरिया माह के तहत एक जून को शंकरगंज मोहल्ले में एण्टीलार्वा स्प्रे व प्रचार-प्रसार, दो जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवरामपुर में समस्त सीएचओ के साथ बैठक व ग्राम पथरौडी में प्रधान व महिला समूह के साथ गोष्ठी व गांव में एण्टीलार्वा दवा का छिडकाव व प्रचार-प्रसार किया गया। तीन जून को सीएचसी मऊ, पांच जून को सीएचसी रामनगर में एलटी फील्ड कर्मचारी व अन्य स्टॉफ के साथ वेक्टरजनित रोगो से बचाव बबात गोष्ठी हुई। तहसील मऊ में सभी लोगों को वेक्टरजनित रोगो से बचाव को जागरुक किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक हुई आयोजित

**सुलतानपुर। जिलाधिकारी** जसजीत कौर की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में में सम्पन्न हुई। बैठक में पी०एम० स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निष्पादन पर चर्चा की गयी। बैठक को परियोजना अधिकारी, डूडा द्वारा अवगत कराया गया है कि पी०एम० स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण के प्रार्थना पत्रों के निष्पादन की स्थिति अच्छी है, परन्तु द्वितीय चरण के 888 प्रार्थना पत्र विभिन्न बैंकों में लम्बित हैं। इस बिन्दु पर जिलाधिकारी द्वारा इस योजना को प्रधानमन्त्री व मुख्यमन्त्री की अग्रणी योजना बताते हुए मैनेजर अग्रणी बैंक प्रबन्धक को परियोजना अधिकारी डूडा के साथ सभी बैंकों के साथ 02 दिन के भीतर बैठक कर द्वितीय चरण के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में आ रहे गतिरोध को दूर करते हुए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के आदेश दिये। पंजाब नेशनल बैंक को पी०एम०ई०जी०पी० योजनान्तर्गत ऋण प्राप्तकर्ता के प्रार्थनापत्रों को नियमानुसार शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में व्यापारियों द्वारा बताया गया कि बिरसिंहपुर में जिला पंचायत की कुछ दुकानें जो जर्जर अवस्था में तथा निमार्णाधीन प्रक्रिया में हैं, से जिला पंचायत द्वारा किराया वसूल कर रहे हैं, परन्तु उसको निर्माण कर दुकानदार को सौंपा नही जा रहा है। इस सन्दर्भ में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बैठक को अवगत कराया गया कि व्यापारी द्वारा दुकानें खाली नही की गयी हैं तथा बकाया भी जमा नहीं कराया गया है। दुकानों में ताला बंद है इस स्थिति में जर्जर दुकानों का निर्माण कराया जाना सम्भव नही हो पा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत

को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र एक-दो कार्यदिवस के भीतर बिरसिंहपुर बाजार जाकर व्यापारियों से सम्पर्क कर, ताला खुलवाकर, दुकानों के मरम्मत के कार्य में प्रगति करायें।

बैठक में व्यापारियों द्वारा यह भी बात उठायी गयी कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में हाईमास्टलाइट लगायी गयी थीं, वर्तमान में खराब अथवा क्रियाशील नही हैं, को सम्बन्धित विभाग द्वारा क्रियाशील नही कराया गया है।

अधिशाषी अभियन्ता विद्युत द्वारा बताया गया कि विभिन्न ग्राम क्षेत्रों एवं नगर पंचायतों द्वारा हाईमास्ट लाइट में कनेक्शन हेतु अभी तक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नही किया गया है, जिससे यहां कनेक्शन नही दिया जा सका है। यह भी अवगत कराया कि हाईमास्ट लाइट को दुरूस्त उनके विभाग द्वारा न होकर परियोजना अधिकारी नेडा द्वारा कराया जाना है। इस बिन्दु पर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को, ऐसी हाईमास्ट लाइट जो खराब हैं व ऐसी हाईमास्ट लाइट जहां विद्युत कनेक्शन नहीं हैं, की सूची 02 दिन के भीतर उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये, जिससे जिन हाईमास्ट लाइट में विद्युत कनेक्शन नही है उन ग्राम पंचायतों व नगर पंचायतों को विद्युत कनेक्शन लेने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया जा सके। यह भी कहा गया कि जो हाईमास्ट लाइट खराब हैं उनकी सूची प्राप्त होने पर नेडा सुलतानपुर द्वारा हाईमास्ट लाइट को शीघ्र मरम्मत कराया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सहायक आयुक्त राज्य कर, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत परियोजना अधिकारी डूडा, लीड बैंक प्रतिनिधि, अग्नि शमन द्वितीय अधिकारी, सहायक अभियन्ता जल निगम (नगरीय) सुलतानपुर, आर०आई० आरटीओ, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सहायक अभियन्ता पी0डब्ल्यू०डी०, कर अधीक्षक नगर पालिका, जिला समन्वयक बड़ौदा यू०पी० बैंक, सहायक अभियन्ता, फारेस्टर, सहायक औषधि निरीक्षक, वैज्ञानिक सहायक उ०प्र० प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, प्रमुख बैंकों के प्रबन्धक, जिले के प्रमुख व्यवसायी, उद्यमी व अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# योगी के आदेशों को पलीता लगा रहे अधिकारी

### भूमि मालिक ने कमिश्नर से लगाई गुहार



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल आयुक्त को लिखे पत्र में गुड्डी देवी बेराउर बांगर तहसील राजापुर ने कहा है कि मौजा बेराउर बांगर के खाता संख्या 51 के गाटा संख्या 1053/1 रकबा 0.131 हे 1053/2 रकबा 0.9 हे की संक्रमणीय भूमिधर है। प्रार्थिया ने गाटा संख्या 1053 में एक किता कच्चा मकान भूसा आदि सामग्री रखने को बनवाया था। शिवकुमार पुत्र मंगलिया ने कहा कि उसके पास लोहारगिरि करने को जगह नहीं है। औजार रखने को कुछ जगह दे दो।

मंगलवार को पीडिता/प्रार्थिया के देवर लालबहादुर सिंह निवासी बेराउर ने उसे बताये बिना कच्चा मकान शिवकुमार पुत्र मंगालिया निवासी उद्धटा को दे दिया। अनुसूचित जाति का होने से अब फंसाने की धमकी देता है। ये व्यक्ति हंसिया, खुरपी बनाने का काम करता था। प्रार्थिया ने जगह खाली करने को कहा तो घर खाली करने की बजाय एससी/एसटी में फंसाने की धमकी दे रहा है। इस बाबत उसके नाती विपिन सिंह ने 21 जून 2022 को एसडीएम राजापुर व थानाध्यक्ष राजापुर को पत्र दिया था। हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार ने सात अक्टूबर 2022 को जांच आख्या पेश किया कि शिवकुमार का अवैध कब्जा सिद्ध है। इसके बाद भी शिवकुमार अवैध कब्जा नही छोड रहा। उसके नाती विपिन सिंह ने फिर एसडीएम राजापुर को पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। हल्का लेखपाल ने जांच आख्या पेशकर शिव कुमार के अवैध कब्जे व निर्माण को दोषसिद्ध ठहराया। उसके मकान व भूमि पर अवैध कब्जे व निर्माण कार्य को न हटाया और न रोका गया। पीडिता ने शिवकुमार से कच्चे मकान व भूमि से बेदखल करने की मांग की है।

## ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों को जहाजों पर रखने की तैयारी; प्रधानमंत्री सुनक ने किया एलान

**लंदन।** ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों को नौकाओं में रोकने की योजना पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दावा किया कि ब्रिटेन के तटों पर आने वाले अवैध प्रवासियों की नौकाओं को रोकने की योजना पर युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने करदाताओं के पैसों से चल रहे होटलों पर दबाव कम करने के मकसद से ऐसे प्रवासियों को जहाजों पर ही रखने की घोषणा की है। केंट के तटवर्ती कस्बे डोवेर में सुनक ने कहा कि ऐसा एक जहाज इस महीने के अंत तक तैयार हो जाएगा। दो अन्य जहाज भी तैयार किए जाएंगे। इसमें करीब 1,000 लोगों को रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अवैध प्रवासी विधेयक या स्टॉप द बोट्स बिल को हाउस ऑफ कॉमंस ने पारित कर दिया है। अब उनकी सरकार को देश में गैरकानूनी रूप से आने वालों को हिरासत में लेने और उन्हें वापस भेजने का अधिकार मिल जाएगा। मैं वादा करता हूं कि हम अवैध प्रवासियों को होटलों से बाहर करेंगे। ऐसे लोगों को सैन्य प्रतिष्ठानों सहित दो वैकल्पिक स्थानों पर रखा जाएगा। सुनक ने कहा कि स्थानीय समुदायों पर दबाव घटाने के लिए हम लोगों को जहाजों पर भी रखेंगे। पहला जहाज जल्द ही पोर्टलैंड पहुंचेगा। हमें आज और दो जहाज मिले हैं, जिनमें और 1,000 लोग रह सकते हैं।



## ट्रेन हादसे पर किंग चार्ल्स ने राष्ट्रपति को भेजा शोक संदेश, 1980 की ओडिशा यात्रा को किया याद

**लंदन।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक शोक संदेश भेजा। इसमें उन्होंने ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे पर दुख जताया। संदेश में किंग चार्ल्स ने 43 साल पहले की अपनी ओडिशा यात्रा को भी याद किया। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक बयान में चार्ल्स के हवाले से कहा गया है कि बालासोर दुर्घटना की खबर से मेरी पत्नी क्वीन कैमिला और मैं दोनों ही दुखी हैं। मैं हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। हमारे दिलों में भारत और भारतीयों के लिए विशेष स्थान है। मेरे जेहन में 1980 में ओडिशा का दौरा करने और वहां के कुछ लोगों से मिलने की यादें आज भी ताजा हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली ने भी दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने बचाव कार्य में शामिल लोगों की सराहना की है। समर्थन और प्रशंसा ज्ञापित की थी। किंग चार्ल्स तृतीय का बयान को शाही परिवार के सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर भी जारी किया गया है। इससे पहले रेलवे ने रविवार को ड्राइवर की गलती और सिस्टम में खराबी से एक तरह से इनकार किया था और संकेत दिया था कि ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना के पीछे इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में संभावित तोड़फोड़ और छेड़छाड़ हो सकती है। इस दुर्घटना में कम से कम 288 लोगों की मौत हुई है और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश की है।

## नामीबिया की उप-प्रधानमंत्री से मिले जयशंकर; द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा

**काठमांडू।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नामीबिया के उपप्रधानमंत्री नेतुम्बो नंदी-नदैत्वह के साथ बैठक की। नेतुम्बो नामीबिया के विदेश मंत्री भी हैं। दोनों की बैठक में ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, परिवहन और संपर्क, डिजिटल, फर्माश्यूटिकल्स, खाद्य सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने नेतुम्बो के साथ भारत और नामीबिया के बीच पहले संयुक्त सहयोग आयोग की सह-अध्यक्षता की। बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि नेतुम्बो के साथ उपरोक्त क्षेत्रों के साथ ही संस्कृति के क्षेत्र में द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। साथ ही वन्यजीव सहयोग और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन पर भी बातचीत की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हमारे दृष्टिकोण समान हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। इससे पहले, जयशंकर और नेतुम्बो के बीच वन टू वन बातचीत भी हुई। दोनों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी होनी है। जयशंकर ने ट्वीट किया, एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, ट्रांसपोर्ट और कनेक्टिविटी, डिजिटल, फार्मास्यूटिकल्स, फूड सिक्योरिटी, साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हमारी चर्चा हुई। इसके अलावा वन्यजीव सहयोग और पर्यावरण पर्यटन भी बात हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हमारे दृष्टिकोण समान हैं जो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमारे काम को आगे बढ़ाते हैं।

# रूसी सेना के भीतर उभरे मतभेद, सहयोगी वैगनर ग्रुप ने शीर्ष कमांडर को बनाया बंधक

**मॉस्को।** यूक्रेन के साथ रूस के युद्ध के बीच रूसी सेना में मतभेद उभर कर सामने आने लगे हैं। युद्ध में रूसी सेना के मजबूत सहयोगी वैगनर ग्रुप ने रूसी सेना के एक शीर्ष कमांडर को बंधक बना लिया है। रूसी सेना और वैगनर ग्रुप के बीच का घमासान इस कदर बढ़ गया है कि वैगनर ग्रुप ने बंधक बनाए शीर्ष कमांडर के वीडियो को सोशल मीडिया पर भी जारी कर दिया है।

वैगनर ग्रुप रूसी सेना के लिए एक बड़े सैन्य बल आपूर्तिकर्ता के रूप में काम करता है। येवगेनी प्रिगोझिन के नेतृत्व वाला वैगनर ग्रुप लगातार यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना के लिए सैनिकों की आपूर्ति के साथ युद्धरत है। अब येवगेनी प्रिगोझिन के सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया गया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि रूस की सेना की 72वीं ब्रिगेड के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल रोमन वेनेवितिन को वैगनर ग्रुप ने बंधक बनाया हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि शराब के नशे में वेनेवितिन ने बताया कि उन्होंने अपने सैनिकों को वैगनर के काफिले पर गोलीबारी करने का आदेश दिया था। वेनेवितिन ने ये भी कहा कि वह वैगनर ग्रुप को पसंद नहीं करता और बाद में माफी भी मांगी। इससे पहले पिछले सप्ताह भी प्रिगोझिन ने कुछ वीडियो जारी कर सेना पर गंभीर आरोप लगाए थे। प्रिगोझिन ने कहा कि बाखमुत में उसके सैनिकों को हथियारों की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। प्रिगोझिन ने हाल ही में दावा किया था कि उसके सैनिकों ने विस्फोटक बरामद किया है, जो रूसी रक्षा मंत्रालय के लोगों ने ही लगाया था। हालांकि अभी तक रूसी रक्षा मंत्रालय का इस पर कोई बयान नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के बाखमुत में रूस की जीत में वैगनर ग्रुप की अहम भूमिका रही और अब वैगनर ग्रुप के लड़ाके बाखमुत से मोर्चा छोड़ चुके हैं। अब रूसी सेना ने बाखमुत को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रिगोझिन ने दावा किया कि बाखमुत में रूसी रक्षा मंत्रालय की नीतियों की वजह से उनके लड़ाकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। अब रूसी सेना के कमांडर को ही बंधक बनाने से साफ है कि रूस में प्रिगोझिन का प्रभाव काफी बढ़ गया है और वह खुल तौर पर रूसी सेना को चुनौती दे रहा है।



## प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पहले अमेरिका बोला, भारत एक जीवंत लोकतंत्र, जिसे शक दिल्ली जाकर देख ले

**वाशिंगटन।** भारत में लोकतंत्र की सेहत को लेकर उठाई गई चिंताओं को अमेरिका ने सिरे से खारिज करते हुए जोर देकर कहा है कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में राजनीतिक संचार के कोऑर्डिनेटर जॉन कर्बी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और किसी को इसमें शक है तो नई दिल्ली जाकर अपनी आंखों से इसे देख सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रशासन लोकतंत्र से जुड़ी चिंताओं को व्यक्त करने से कभी कतराता नहीं है।

व्हाइट हाउस की तरफ से यह बयान ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में मोदी सरकार की लगातार आलोचना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस माह के अंत में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाने वाले हैं जहां अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बिडेन आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करेंगे। 22 जून को प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ रात्रिभोज भी है। प्रधानमंत्री मोदी को रात्रिभोज का निमंत्रण दिए जाने को लेकर पूछे गए सवाल पर जॉन कर्बी ने कहा कि भारत कई स्तरों पर अमेरिका का एक मजबूत भागीदार है। हम दोनों देशों के बीच बहुत अधिक आर्थिक व्यापार है। रक्षा सचिव ऑस्टिन ने अभी कुछ अतिरिक्त रक्षा सहयोग की भी घोषणा की है जिसे हम भारत के साथ आगे बढ़ाने जा रहे हैं।



## ओली ने प्रचंड पर भारत के साथ सीमा का मुद्दा नहीं उठाने का लगाया आरोप

**काठमांडू।** नेपाल की मुख्य विपक्षी पार्टी सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने प्रधान मंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड पर भारत यात्रा के दौरान कमजोर तरीके से पेश होने का आरोप लगाया है। यूएमएल अध्यक्ष ओली ने संसद में प्रचंड पर भारत यात्रा के दौरान देश हित में बात नहीं कर पाने का आरोप लगाया। ओली ने कहा, आप सहज हो गए, आप देश के लिए खड़े नहीं हो सके। उन्होंने टिप्पणी की कि वे भारत से 15 भैंसा के अलावा कुछ नहीं ला सके। ओली ने भारत पर नेपाल के क्षेत्र में अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रचंड इस मुद्दे को नहीं उठा सकते। ओली ने कहा कि भारत में हुई बैठक में प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर उनकी बेटी गंगा दाहाल को शामिल किया गया था। ओली ने आरोप लगाया कि यात्रा के दौरान प्रचंड ने भारत की संसद में भित्ति चित्र में अखंड भारत की तस्वीर का मुद्दा नहीं उठाया। उन्होंने टिप्पणी की कि भारत ने वह लिया जो उसे लेना चाहिए था, लेकिन नेपाल को केवल 15 भैंसा मिले।

नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने मई से अप्रैल तक भारत का दौरा किया। उसके बाद विपक्ष ने नेपाल की संसद में गंभीर सवाल उठाए हैं।



## इमरान का साथ छोड़ने वाले नेताओं ने बनाई नई पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के पश्चात देश में भड़की हिंसा के बाद कई नेताओं ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) से किनारा कर लिया और अब नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। इस संगठन में शामिल होने वालों में फवाद चौधरी जैसे नेता भी शामिल हैं। ज्ञात रहे कि फवाद को इमरान के सबसे करीबी लोगों में गिना जाता था। पीटीआई छोड़ने वाले नेताओं ने डेमोक्रेट्स नाम से एक नया संगठन बना लिया। पिछले महीने इमरान की पार्टी छोड़ने वाले पंजाब प्रांत के पूर्व गृह मंत्री हाशिम डोगर इस संगठन के प्रमुख हैं। इसमें पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. मुराद रास भी शामिल हैं। अभी इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि यह संगठन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) या पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) जैसे कुछ बड़े राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करेगा या नहीं। जानकारी के अनुसार डेमोक्रेट्स सत्तारूढ़ पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के विरोध के रूप में काम करना जारी रखेगा।

दूसरी ओर पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने चुनाव में देरी की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि बिना देरी किए देश में आम चुनाव अक्टूबर में ही होंगे। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर आम चुनाव गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता के लिए आवश्यक है। अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान-नीत विपक्षी दल पीटीआई ने आशंका जताई है कि सत्तारूढ़ गठबंधन आम चुनाव कराने में देरी कर सकता है।



## रूस के कई रेडियो स्टेशन हैक कर राष्ट्रपति पुतिन का फर्जी भाषण किया गया प्रसारित

**मॉस्को।** रूस में कई रेडियो स्टेशनों को हैक कर राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का फर्जी भाषण प्रसारित किया गया। इसकी पुष्टि क्रेमलिन ने की। इस भाषण में यूक्रेन के सैनिकों के हमले और यूक्रेन की सीमा से लगे तीन क्षेत्रों में आपातकालीन उपायों की घोषणा की गई। हैकिंग का यह प्रयास दक्षिण-पश्चिमी बेलगोरोड में घुसपैठ के कई प्रयासों और तीव्र गोलाबारी के बीच हुई है। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे फर्जी संदेशों में नाटो द्वारा और वॉशिंगटन की सहमति व समर्थन से हथियारों से लैस यूक्रेनी सैनिकों ने कुर्स्क, बेलगोरोड और ब्रांस्क क्षेत्रों पर आक्रमण किया है। इस फर्जी संदेश में पुतिन से मिलती आवाज तीन क्षेत्रों में मार्शल लॉ, जनरल मोबलाइजेशन और नागरिकों के निकलने की घोषणा की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव को राज्य द्वारा संचालित एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने जानकारी देते हुए कहा, यह वास्तव में एक हैक था'। हालांकि 40 मिनट तक चली हैकिंग को जल्द नियंत्रण कर लिया गया। बेलगोरोड क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र ने कहा कि मैसेज नकली था, जिसका उद्देश्य शांतिपूर्ण बेलगोरोड निवासियों के बीच दहशत पैदा करना था। बेलगोरोड के पड़ोसी वोरोनिश क्षेत्र ने भी अपने निवासियों को फर्जी भाषण और हेकिंग की जानकारी दी और बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है।



## ट्रंप के सामने नई चुनौती, माइक पेंस ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए पेश किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवार के लिए कई नाम सामने आए हैं। अब पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने रिपब्लिकन की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए दावा पेश किया है। पेंस ने स्थानीय समयुनसार सोमवार को नामांकन के लिए कागजी कार्रवाई पूरी की। पेंस की दावेदारी से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने का एक और चुनौती खड़ी गई है। ट्रंप से उनका सीधा सामना हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पेंस औपचारिक रूप से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करने के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। माइक पेंस पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति के रूप में काम कर चुके हैं और ट्रंप के कट्टर समर्थक रहे हैं। अब अमेरिका की सबसे पुरानी पार्टी में ट्रंप को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। पेंस पिछले कई महीनों से राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होने के संकेत देते रहे हैं। अब उन्हें रिपब्लिकन के प्राथमिक मतदाताओं के साथ ट्रंम का मुकाबला करना होगा। साथ ही मतदाताओं को यह विश्वास दिलाना होगा कि वह ट्रंप से बेहतर विकल्प हैं, जिन्हें 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, माइक पेंस ने सार्वजनिक रूप से ट्रंप के इस दावे की आलोचना की कि पेंस के पास 2020 के चुनाव परिणामों को पलटने का अधिकार था, लेकिन उन्होंने उनका साथ नहीं दिया और बार-बार कहा कि उन्हें उनके प्रशासन के रिकॉर्ड पर गर्व है।

# राष्ट्रपति मुर्मू को सूरीनाम का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द यलो स्टार', पीएम ने दी बधाई

**पारामरिबो।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रकिप्रसाद संतोखी ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के राष्ट्रपति मुर्मू का सम्मान किया। गृह मंत्रालय ने ट्वीट कर जानकारी दी कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के राष्ट्रपति संतोखी ने अपने देश

उन्होंने इस सम्मान का श्रेय भारतीय-सुरीनामी समुदाय के लोगों को दिया और कहा कि उनके कारण हमारे रिश्तों में सम्मान से सिर्फ मुझे ही नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों को इससे गर्व महसूस हो रहा है। अधिक मजबूती आई है। पीएम मोदी ने भी राष्ट्रपति को सम्मान के लिए बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड ऑर्डर ऑफ येलो स्टार से सम्मानित होने के लिए आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं राष्ट्रपति जी। सूरीनामी सरकार और उनकी जनता का यह विशेष सम्मान दोनों देशों के बीच स्थाई मित्रता का प्रतीक है।



**मुझे काफी खुशी हो रही है**

राष्ट्रपति मुर्मू ने सूरीनाम के राष्ट्रपति संतोखी से मुलाकात करने के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता को लीड किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। आपके आतिथ्य और स्वागत से मैं बहुत अभिभूत हूं। मैं भारत में आपके भाई-बहनों की ओर से आपको शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं। दोनों देशों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध दोनों देशों के मजबूत रिश्तों की नींव हैं।

**बच्चों को खिलाई चॉकलेट्स**

राष्ट्रपति मुर्मू ने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार क्षमता से काफी कम है। हमें व्यापार बढ़ाने के लिए साथ में काम करने की आवश्यकता है।

अभी फार्मास्यूटिकल्स, आयुर्वेद, कृषि और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में और सहयोग की गुंजाइश है। भारत तकनीकी सहयोग और देश की आवश्यकता अनुसार, सूरीनाम के विकास और निर्माण में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। अलग-अलग औपचारिक कार्यक्रमों में शामिल होने के अलावा राष्ट्रपति ने परामरीबो में कुछ बच्चों से भी मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को भारत की बनी चॉकलेट्स खिलाईं। राष्ट्रपति ने इंडिपेंडेंस स्क्वायर में कृत्रिम गांव का भी उद्घाटन किया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## मोदी सरकार के चलते भारत में कारोबार करना हुआ काफी आसान, एफडीआई को आकर्षित करने पर दिया जोर

**वाशिंगटन।** भारत में मोदी सरकार ने तकनीकी कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इस कारण एक दशक पूर्व के बजाय अब वैश्विक कंपनियों के लिए भारत कारोबार करना काफी आसान हो गया है। यह बात अमेरिकी डॉक्यूसाइन फर्म के नए अध्यक्ष रॉबर्ट चटवानी ने कही। एक अन्य उद्यमी मतीन सैयद ने कहा कि दुनियाभर के लोग भारत से आकर्षित हैं। अमेरिका में इलेक्ट्रॉनिक समझौतों के प्रबंधन में अग्रणी डॉक्यूसाइन कंपनी के अध्यक्ष चटवानी ने कहा, एफडीआई को देश में आकर्षित करने के लिए कई कानून मोदी के प्रशासन में आए हैं। अन्य भारतवंशी उद्यमी और स्टार्टअप एडवाइजर मतीन सैयद ने कहा, भारत को कोई रोक नहीं सकता।

मोदी सरकार ने एफडीआई को आकर्षित करने पर दिया जोर मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी कंपनियों से एफडीआई आकर्षित करने पर बहुत अधिक जोर दिया है। चटवानी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले कई सालों में सभी क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को अपनाने का चलन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी बेंगलुरु में एक पूर्ण इंजीनियरिंग केंद्र और विकास केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



**दुनियाभर के लोग सिलिकॉन वैली की ओर होते हैं आकर्षित**

सैयद ने कहा कि दुनिया भर के प्रतिभाशाली लोग सिलिकॉन वैली की ओर आकर्षित होते हैं, क्योंकि यह जगह विफलता का जश्न मनाती है। यहां जैसा माहौल दुनिया के किसी अन्य हिस्से में नहीं दिखता है। 2015 में पीएम मोदी के सिलिकॉन वैली कार्यक्रम में भाग लेने वाले सैयद ने कहा कि भारत वैश्विक नेता बनने जा रहा है।

## आरबीआई की एमपीसी बैठक शुरू, 8 जून को आएगा रेपो रेट पर फैसला

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक तीन दिवसीय समीक्षा बैठक यहां मंगलवार को शुरू हो गई है। वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी द्विमासिक एमपीसी बैठक 6 से 8 जून तक चलेगी। इस बैठक के फैसलों का ऐलान 8 जून को किया जाएगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की यह बैठक प्रत्येक दो महीने के अंतराल पर होती है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में बदलाव पर चर्चा की जाएगी। रिजर्व बैंक ने अप्रैल महीने में हुई पिछली बैठक में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया था। आरबीआई गवर्नर ने उस समय कहा था कि ये फैसला इस मीटिंग के लिए लिया गया है लेकिन जरूरत पड़ने पर इसे फिर से बढ़ाया भी जा सकता है।हालांकि, जानकारों का कहना है कि आरबीआई के पूर्व में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में की गई बढ़ोतरी का असर दिखने लगा है। खुदरा महंगाई दर अप्रैल में घटकर रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे 4.7 फीसदी पर आ गया है। ऐसे में एमपीसी की समीक्षा बैठक में इस बार भी नीतिगत दर में बदलाव की गुंजाइश कम दिख रही है। रिजर्व बैंक रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर यथावत रख सकता है। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने पिछली बार अप्रैल में एमपीसी की बैठक में नीतिगत ब्याज दर में इजाफा रोक दिया था, जो 6.5 फीसदी पर है। इससे पहले महंगाई पर लगाम लगाने के लिए रिजर्व बैंक की ओर से मई, 2022 के बाद से लगातार रेपो रेट में 2.5 फीसदी तक बढ़ोतरी की गई थी।